Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 42 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 24 जुलाई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



मनुष्य का ज्ञान से अधिक चरित्र का प्रभाव पड़ता है।

Character has greater impact on man then knowledge.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में लगातार सातवीं बार पेश किया बजट, कई बड़े ऐलान के साथ ही तमाम मंत्रालयों के लिए धन का आवंटन**

# अब हर महीने 300 यूनिट बिजली मिलेगी फ्री, बजट में सरकार ने किया बड़ा ऐलान

- वित्त मंत्री ने बिहार को दी खास सौगात, आंध्र प्रदेश को मिला स्पेशल आर्थिक पैकेज
- न्यू टैक्स रिजीम- 7.75 लाख तक इनकम टैक्स फ्री
- अगले 5 साल तक जारी रहेगी पीएम गरीब कल्याण योजना
- वित्त मंत्री ने छात्रों के लिए बड़ा किया ऐलान
- रोजगार और स्किल पर 2 लाख करोड़ खर्च करेगी सरकार
- 1 करोड़ युवाओं को 500 टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका
- पीएम मुद्रा लोन योजना की राशि भी हुई दोगुनी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा में लगातार सातवीं बार बजट पेश किया। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट रहा। वित्त मंत्री सीतारमण ने अपने लगभग 1 घंटा 20 मिनट के बजट भाषण में कई सारी अहम घोषणाएं की। सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि बजट में रोजगार, कौशल, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था अब भी नीतिगत अनिश्चितता की चपेट में है. ऐसे में भारत की आर्थिक वृद्धि जारी है. वित्त मंत्री ने कहा कि देश की मुद्रास्फीति स्थिर बनी हुई है और चार प्रतिशत की ओर बढ़ रही है.



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश कर दिया है। बजट में पीएम सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ से अधिक घरों में 300 यूनिट सोलर बिजली फ्री देने का ऐलान किया गया है। दरअसल, पैदा होने वाली सोलर एनर्जी सीधे उस घर को मिलने के बजाय पहले सप्लाई ग्रिड में जाएगी। ऐसे हर एक घर को प्रति महीने 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी। निशुल्क सौर बिजली योजना पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की गई है, जिसके तहत छतों पर सौर पैनल लगाए जाएंगे, जिससे 1 करोड़ परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली मिल सकेगी। यह योजना इसे और बढ़ावा देगी। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1.28 करोड़ से अधिक पंजीकरण किए गए और 14 लाख आवेदन प्राप्त हुए। विद्युत भंडारण और समग्र ऊर्जा मिश्रण में नवीनकरणीय ऊर्जा के निर्बाध एकीकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए पम्पड स्टोरेज परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए एक नई नीति लाई जाएगी। परमाणु ऊर्जा के लिए नई प्रौद्योगिकियों और स्माल और माड्यूलर परमाणु रिएक्टर का अनुसंधान और विकास उन्नत अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्रौद्योगिकी के प्रयोग से एनटीपीसी और बीएचईएल का एक संयुक्त उद्यम परिपूर्ण 800 मेगावाट का वाणिज्यिक संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

**न्यू टैक्स रिजीम- 7.75 लाख तक इनकम टैक्स फ्री :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में आम आदमी को बड़ी राहत दी गई। सरकार ने नई टैक्स रिजीम में पर्सनल इनकम टैक्स की दरों में कटौती की है। अब, नई टैक्स रिजीम के तहत 0 से 3 लाख रुपए तक की आय पर शून्य टैक्स लगेगा। -शेष पेज 5 पर

## बजट की 10 बड़ी बातें....

**बजट में क्या-क्या सस्ता हुआ-** कैंसर दवा, सोना-चांदी, प्लेटिनम, मोबाइल फोन, मोबाइल चार्जर, बिजली के तार, एक्सरे मशीन, सोलर सेट्स, लेदर और सीफूड्स। मोबाइल और चार्जर पर कस्टम ड्यूटी घटकर 15त्न हुई। सोना और चांदी के गहनों पर कस्टम्स ड्यूटी घटकर 6 प्रतिशत हुई।

**सैलरीड के लिए-** नई टैक्स रिजीम में 7.75 लाख तक तक की इनकम टैक्स फ्री, 17.5 हजार का फायदा। फैमिली पेंशन पर टैक्स छूट 15 हजार से बढ़कर 15 हजार हुई।

**पहली नौकरी वालों के लिए-** 1 लाख रुपए से कम सैलेरी होने पर, EPFO में पहली बार रजिस्टर करने वाले लोगों को 15 हजार रुपए की मदद तीन किश्तों में मिलेगी।

**एजुकेशन लोन-** जिन्हें सरकारी योजनाओं के तहत कोई फायदा नहीं मिल रहा है, उन्हें देशभर के संस्थानों में एडमिशन के लिए लोन मिलेगा। लोन का 3 परसेंट तक पैसा सरकार देगी।

**बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए-** आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ और बिहार को 57.5 हजार करोड़ रुपए की मदद। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल,ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए विशेष स्कीम। बिहार में विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर बनेगा। नालंदा विश्वविद्यालय को पर्यटन केंद्र बनाएंगे।

**किसान के लिए-** 6 करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर लाई जाएगी। 5 राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे।

**युवाओं के लिए-** मुद्रा लोन की रकम 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए। 500 टॉप कंपनियों में 5 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का वादा।

**महिलाओं और लड़कियों के लिए-** महिलाओं और लड़कियों के लिए लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रु. का प्रावधान।

**सोलर के लिए-** सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1 करोड़ घरों को 300 यूनिट तक हर महीने बिजली फ्री।

# देश के हर वर्ग को समृद्ध करने वाला बजट : पीएम नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को ऐतिहासिक बताया**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि यह हर वर्ग के लोगों को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। उन्होंने कहा, यह हमारे देश को प्रगति की अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीतारमण और उनकी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा, यह दूरदर्शी बजट हमारे समाज के हर वर्ग का उत्थान और सशक्तिकरण करेगा, जिससे सभी के लिए उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। पीएम मोदी ने कहा, इस बजट में एमएसएमई सेक्टर के लिए क्रेडिट देने की सुविधा बढ़ाने वाली नई योजना का ऐलान किया गया है। मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट इकोसिस्टम को हर जिले तक ले जाने के लिए बजट में अहम घोषणाएं की गई हैं। ये बजट हमारे स्टार्टअप्स के लिए, इनोवेशन इकोसिस्टम के लिए ढेर सारे नए अवसर लेकर आया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे स्पेस इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का फंड हो, या फिर एंजेल टैक्स हटाने का फैसला हो, ऐसे कई सारे कदम इस बजट में उठाए गए हैं। पीएम मोदी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। इस गति को आगे बढ़ाते हुए, यह बजट हमारे नव-मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को और अधिक ऊर्जा देगा। हमारी युवा पीढ़ी को अभूतपूर्व अवसर मिलेंगे। शिक्षा और कौशल विकास एक नए स्तर पर पहुंचेंगे, जिससे हमारे देश की वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, यह बजट मध्यम वर्ग को पहले से कहीं अधिक सशक्त बनाएगा! प्रधानमंत्री ने कहा, हमें हर शहर, हर गांव, हर घर एंटरप्रेन्योर बनाना है। इसी उद्देश्य से बिना गारंटी के मुद्रा लोन की लिमिट को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया गया है। इससे छोटे कारोबारियों, विशेष रूप से महिलाओं, दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवारों में स्वरोजगार को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, सरकार ने पिछले 10 साल में ये सुनिश्चित किया है कि गरीब और मध्यम वर्ग को टैक्स से राहत मिलती रहे। इस बजट में भी इनकम टैक्स में कटौती और स्टैंडर्ड डिडक्शन में वृद्धि का बहुत बड़ा फैसला लिया गया है। टीडीएस के नियमों को भी सरल किया गया है। इन कदमों से हर टैक्सपेयर को अतिरिक्त बचत होने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस बजट का एक बहुत बड़ा फोकस देश के किसान हैं। अन्न भंडारण के लिए दुनिया की सबसे बड़ी स्कीम के बाद अब हम सब्जी उत्पादन क्लस्टर बनाने जा रहे हैं। इससे छोटे किसानों को सब्जियों-फल, अन्य उपज के लिए नए बाजार मिलेंगे और बेहतर दाम मिलेंगे। मोदी ने कहा, देश में गरीबी समाप्त हो, गरीब का सशक्तिकरण हो, इस दिशा में भी आज के बजट में प्रमुख घोषणाएं की गई हैं। गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घर बनाना तय हुआ है। जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, सैचुरेशन अप्रोच के साथ 5 करोड़ आदिवासी परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ेगा। इसके अलावा ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 25 हजार नए ग्रामीण क्षेत्रों को ऑल वेदर रोड से जोड़ा जाएगा।

# आम बजट में रेलवे के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय के रूप में 2,62,200 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन

## अश्विनी वैष्णव ने रेलवे के लिए रिकॉर्ड आवंटन के लिए प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया

## बजट समावेशी विकास पर केंद्रित आर्थिक नीतियों की निरंतरता है : केंद्रीय मंत्री



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि अर्थव्यवस्था आज पहले की तुलना में अधिक लचीली और मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि आज की अर्थव्यवस्था कल्याण, राजकोषीय विवेक, पूंजी निवेश और विनिर्माण में निवेश का एक संयोजन है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा आज प्रस्तुत बजट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की समावेशी विकास पर केंद्रित आर्थिक नीतियों की निरंतरता है, जो पिछले दस वर्षों में इस सरकार का मुख्य आधार रही है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने रेलवे को विश्वस्तरीय बनाने पर विशेष जोर दिया है। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आज संसद में केंद्रीय बजट 2024-25 पेश किया। इस वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार ने रेलवे के लिए रिकॉर्ड 2, 62, 200 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय आवंटित किया है। 2024-25 के दौरान रेलवे के लिए सकल बजटीय सहायता 2, 52, 200 करोड़ रुपये है। इससे पहले 2023-24 में सकल बजटीय सहायता 2, 40, 200 करोड़ रुपये थी, जो कि केवल 28, 174 करोड़ रुपये थी। पूंजीगत व्यय में वृद्धि का परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, क्योंकि भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1588 मीट्रिक टन का सर्वकालिक उच्च माल लदान हासिल किया है, जो 2014-15 में 1095 मीट्रिक टन था और रेलवे 2030 तक 3, 000 मीट्रिक टन के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। रेलवे ने 2023-24 में 2, 56, 093 करोड़ रुपये की सर्वकालिक उच्च कुल प्राप्तियां हासिल कीं और पूंजीगत व्यय के पूरक के लिए 3, 260 करोड़ रुपये का शुद्ध राजस्व उत्पन्न किया।

बाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मैं रेलवे के लिए 2, 62, 200 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आवंटन के लिए माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देता हूं। पिछले 10 वर्षों में, रेलवे ने 31, 180 ट्रैक किलोमीटर चालू किए हैं। ट्रैक बिछाने की गति 2014-15 में 4 किलोमीटर प्रतिदिन से बढ़कर 2023-24 में 14.54 किलोमीटर प्रतिदिन हो गई है। 2014-2024 के दौरान, भारतीय रेलवे ने 2014 तक केवल 21, 413 रूट किलोमीटर की तुलना में 41, 655 रूट किलोमीटर (आरकेएम) का विद्युतीकरण किया है। इस वर्ष के बजट में, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त धनराशि आवंटित की गई है। ये धनराशि रणनीतिक नोड्स पर औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढाँचे का समर्थन करेगी: विशाखापत्तनम-चेन्नई औद्योगिक गलियारे पर कोप्पार्थी, आंध्र प्रदेश में हैदराबाद-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारे पर ओर्वाकल और बिहार में अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे पर गया। इस पहल का उद्देश्य भारत के पूर्वी क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देना है। रेलवे ने बुनियादी ढाँचे के विकास के लिए एक नया दृष्टिकोण अपनाया है। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को सक्षम करने के लिए पीएम गति शक्ति मिशन के तहत तीन आर्थिक रेलवे कॉरिडोर- ऊर्जा, खनिज और सीमेंट कॉरिडोर (192 परियोजनाएं); बंदरगाह कनेक्टिविटी कॉरिडोर (42 परियोजनाएं) और उच्च यातायात घनत्व कॉरिडोर (200 परियोजनाएं) की पहचान की गई है। क्षमता वृद्धि, उच्च घनत्व वाले नेटवर्क की भीड़भाड़ को कम करना, देश में लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाना, यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना और उनकी सुरक्षा सरकार के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र बने हुए हैं।




एक जिम्मेदार करदाता होने के लिए आपका धन्यवाद

क्या आपका रिफंड बकाया है?

तो कृपया ध्यान दें:

- रिफंड के दावे, सत्यापन जांच के अधीन है, जिससे रिफंड में देरी हो सकती है।
- सटीक आयकर विवरणी दाखिल करने पर रिफंड की प्रक्रिया शीघ्र पूरी होती है।
- किए गए दावों में किसी प्रकार की कोई विसंगति होने पर संशोधित विवरणी दाखिल करने का अनुरोध किया जाएगा।

क्या करें:

- ई-फाईलिंग पोर्टल नियमित रूप से देखें।
- अपनी आयकर विवरणी के संसाधन (प्रोसेसिंग) से संबंधित किसी सूचना को देखें।
- सूचना के आधार पर तुरंत अपेक्षित कार्रवाई करें।
- सुनिश्चित करें कि किए गये सभी दावे सही और सटीक हैं।

क्या न करें:

- टी.डी.एस. राशि का गलत दावा
- अपनी आय कम दर्शाना
- कटौती को बढ़ाकर दिखाना
- फर्जी खर्चों के दावे प्रस्तुत करना

यह जांचने के लिए कि समापन हेतु कोई कार्रवाई का मद लंबित है, तो कृपया ई-फाईलिंग पोर्टल **https://www.incometax.gov.in/iec/foportal/** पर लॉग इन करें और संसाधन (प्रोसेसिंग) की स्थिति जांचने के लिए "डैसबोर्ड" पर जाएं और **Pending Action>>Worklist section** पर जाएं

cbc 15401/13/0003/2425

**झूठा या फर्जी दावा दाखिल करना एक दंडनीय अपराध है।**

आयकर विभाग

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

अधिक जानकारी के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

अधिक सहायता के लिए कृपया आयकर विभाग की वेबसाइट: www.incometax.gov.in पर जाएं

@IncomeTaxIndia | incometaxindia.official | Income Tax India Official | @incometaxindiaofficial | incometaxindia.gov.in

## संक्षिप्त समाचार

### ऑक्सफोर्ड डॉयगोनेस्टीक रायपुर द्वारा विशाल स्वास्थ्य शिविर, आशा देवी रेख चंद लुनिया चेरिटेबल ट्रस्ट रायपुर द्वारा नेत्र जांच एवं नि:शुल्क चश्मा वितरण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** ऑक्सफोर्ड डायगोनेस्टीक रायपुर द्वारा रविवार 21 जुलाई को विशाल स्वास्थय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विषेशज्ञ चिकित्सको द्वारा दिया गया इस अवसर पर श्री मनोज कुमार साहा आशा देवी रेखचन्द लुनिया चेरिटेबल ट्रस्ट की ट्रस्टी श्रीमती सुनीता बोथरा समाज सेवी श्री सुदीप जैन पीयूष जैन ए एस जी नेत्र चिकित्सालय से श्री शुभम पटेल श्रीमती अंजली कु गायत्री श्री योगेंद्र सिंह एक पहल और संस्था से श्रीमती रोमा बाधवानी आदि विसेष रूप से उपस्थित थी संस्था की टीम ने पूरी कुशलता के साथ शिविर पंजीयन में अपना सहयोग दिया। आशा देवी रेखचन्द लुनिया की ट्रस्टी श्रीमती सुनीता बोथरा समाज सेवी श्री सुदीप जैन द्वारा आवश्कतानुसार जरूरदमन्दों को नि:शुल्क चश्मे का वितरण किया गया। शिविर में निशुल्क रक्त जांच कोलेस्ट्रॉल सी बी सी की जांच की गई।

### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री लोहाणा महिला मंडल द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री लोहाणा महिला मंडल रायपुर द्वारा फाफाडीह स्थित महाजन वाडी में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नन्हे नन्हे बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। मंडल की अध्यक्ष मीनाबेन पुजारा ने बताया कि निर्णायक द्वारा प्रतियोगिता के विजेता घोषित किया गया जिसमें 0 से 3 वर्ष के श्रेणी विजेता रहे साची अग्रवाल, आर्यन राणा, काशवी मानेक एवं ऋतिका सोमैय्या और 3 से 7 वर्ष के श्रेणी में प्रथम स्थान आराध्या मानेक, द्वितीय स्थान तरुष सोमैय्या, तृतीय स्थान दक्ष लंधाणी चौथे स्थान रूद्र पारेख एवं 8-वर्ष से13 वर्ष कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानवी ठक्कर, द्वितीय स्थान तृषा सोमैय्या, तृतीय स्थान मानव ठक्कर चौथे स्थान जीविन मानेक विजेता रहे। इस प्रतियोगिता में हमारे सभी समाज के आदरणीय, और कमेटी के सभी सदस्यों उपस्थित थे।

### चौबेबांधा में शिवलिंग की हुई स्थापना, पूरा गांव शिव की भक्ति में रमा



**राजिम (विसं)।** धर्मनगरी राजिम के निकट स्थित ग्राम चौबेबांधा में राजाराम साहू एवं मोहन साहू के द्वारा मंदिर का निर्माण किया गया है। जिसमें सावन के प्रथम सोमवार को ही पूरे विधि विधान के साथ पंडित राम शर्मा के मंत्रचार के द्वारा शिवलिंग को प्रतिष्ठित किया गया। पहले रुद्राभिषेक हुआ उसके बाद जलाभिषेक किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित हुए जिन्हें खीर पुरी का प्रसाद वितरण किया गया।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

**बलौदाबाजार( विश्व परिवार )।** जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए।

## खुले एवं मुख्य सड़कों में न मिले मवेशी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय सीएमओ को सतत कार्रवाई के दिए निर्देश : कलेक्टर

**नगरीय निकायों में 27 जुलाई से होगा जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन, प्रधानमंत्री आवास निर्माण में लाएं तेजी**

**कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा, समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश**



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए.जिसमें उन्होंने केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होने खुले एवं मुख्य सड़को में मिल रहे मवेशियों को हटाने एवं सभी ग्राम पंचायतों में कांजी हाउस को सक्रिय करने के निर्देश सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय सीएमओ को दिए है। इसके साथ ही जिले के सभी नगरीय निकायों में आगामी 27 जुलाई से प्रारंभ होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर के संबध में विस्तृत तैयारी के निर्देश दिए है। उक्त शिविर का आयोजन 27 जुलाई से 10 अगस्त तक सभी वार्डो में किया जाएगा. उन्होनें आज विशेष रूप से पीएम आवास योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को इस योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए कहा। श्री सोनी ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार उन्होंने पीवीटीजी समुदाय के वृद्धजनों को पेंशन योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके साथ विभिन्न विभागों के चल रहे निमार्ण निकायों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने काम में तेजी लाने के निर्देश संबधित अधिकारीयों को दिए है। कलेक्टर श्री सोनी ने खरीफ सीजन में सहकारी समितियों में खाद एवं बीज भंडारण एवं उठाव की जानकारी लेते हुए उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समितियों से खाद बीज का उठाव करने में किसानों को किसी प्रकार की समस्या नही होनी चाहिए। सभी किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध हो जाएं, खाद बीज को लेकर किसानों की ओर से शिकायत मिलने पर सम्बंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएंगी। इसके साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों को उन्होंने निजी दुकानों में खाद उपलब्धता, दर एवं गुणवत्ता को लेकर सतत निरीक्षण के निर्देश दिए है।

उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। साथ ही आयुष्मान भारत पीएमजेएवाय, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्नमूलन वन अधिकार पट्टा व्यक्तिगत एवं सामूहिक, वन धन केंद्र, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, पीएम आवास योजना (शहरीय), स्वच्छ भारत अभियान (शहरीय) पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, उजाला योजना, पीएम सौभाग्य योजना की समीक्षा की गई।

## केन्द्रीय बजट 2024-25 एक संतुलित बजट रहा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री माननीया निर्मला सीतारमण जी द्वारा संतुलित बजट 2024-25 प्रस्तुत किया गया जिसमे देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत 2047 का विजन झलकता है।

प्रदेश चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया की आज केंद्रीय वित्त मंत्री माननीया निर्मला सीतारमण जी द्वारा संतुलित बजट 2024-25 प्रस्तुत किया गया जिसमे देश के आर्थिक विकास की आधारशिला राखी गई है। उद्योग-व्यापार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और अधोसंरचनात्मक विकास के साथ-साथ युवा, नौकरीपेशा, , महिलाओं आदि को ध्यान में रखते हुए बनाया गया संतुलित बजट है। बजट युवाओं के लिए रोजगार सृजन हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में नए पदों की स्वीकृति की गई है, जमीनी स्तर पर यह बजट समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास के साधन के रूप में देखा जा रहा है। बजट में विभिन्न बड़ी घोषणाएं की गई है इससे देश के विकास में दूरगामी परिणाम मिलेंगे और प्रदेश के व्यापार एवं रोजगार को गति मिलेगी जो निम्नानुसार हैं- न्यू टैक्स रिजीम में राहत- टैक्स रिजीम के तहत अब 3 लाख से 7 लाख रुपए की आय पर 5त्न के हिसाब से टैक्स देना होगा। पहले ये 6 लाख तक था। न्यू टैक्स रिजीम के अन्य स्लैब में भी बदलाव किया गया है। इन दोनों बदलावों से टैक्सपेयर्स को 17, 500 रुपए तक का फायदा होगा। नई टैक्स रिजीम में अब 50 हजार की जगह 75 हजार रुपए का स्टैंडर्ड डिडक्शन मिलेगा। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन की छूट 1 लाख से बढ़ाकर 1.25 लाख की गई है। मुद्रा लोन की लिमिट दोगुनी करके 10 लाख रुपए से बढाकर 20 लाख रुपए कर दिया है, स्किल डेवलपमेंट और रोजगार के लिए 5 नई योजनाएं लाइ गई है। अधोसंरचना के अंतर्गत निवेश को बढ़ावा देने हेतु पीएम आवास योजना के तहत बनेंगे 3 करोड़ घर एवं बेहतर सड़क निर्माण पर जोर दिया गया है। कामकाजी साथी के लिए भी पारिश्रमिक बढाया गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सदन में प्रधानमंत्री आवास योजना का मुद्दा उठाया

**शहरी आवास 18 लाख आवास के भीतर ही है : अरुण साव**



**रायपुर (विसं)।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सदन में प्रधानमंत्री आवास योजना का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि 18 लाख आवास बनाने की योजना का जो विज्ञापन जारी हुआ है. क्या शहरी आवास इसमें शामिल है या नहीं? पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव ने बताया कि शहरी आवास 18 लाख आवास के भीतर ही है.

विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सवाल किया कि शहरी क्षेत्रों में आवास के कितने डीपीआर बनकर केंद्र को भेजा गया है. इस पर मंत्री अरुण साव ने कहा कि पिछली सरकार में 19 हज़ार 906 आवास बनाने का डीपीआर केंद्र को भेजा गया है. इस पर भूपेश बघेल ने पूछा कि केंद्र को भेजे गये कितने आवास की स्वीकृति दी गई है. साव ने कहा कि नए आवास की स्वीकृति अब तक केंद्र से नहीं मिली है.

भूपेश बघेल ने कहा कि पिछले आठ महीनों में एक भी आवास बनाने का प्रस्ताव नहीं भेजा गया है. मंत्री ने कहा कि आवास बनाने का मापदंड है कि कितने मकान स्वीकृत है. भेजे गये प्रस्ताव की स्वीकृति के बाद नये प्रस्ताव भेजे जाएँगे. इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि कच्चे मकान का पट्टा देना राज्य सरकार के हाथ में हैं. कच्चे मकान को पक्का करने का डीपीआर बनाकर केंद्र को स्वीकृत के लिए भेजा जाता है. साव ने कहा कि पट्टा वाले मकान को लेकर सरकार विचार कर रही है. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आवास योजना को नौ साल हो गये हैं. मकान बनाना खर्चीला हो गया है. क्या 2015 की स्वीकृत राशि को बढ़ाने की पहल सरकार करेगी? इस पर मंत्री अरुण साव ने कहा कि सरकार इस पर विचार कर निर्णय लेगी.

## जल जीवन मिशन में हुई गड़बड़ी की होगी जांच

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन जल जीवन मिशन में गड़बड़ी का मुद्दा उठा. भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा जल जीवन मिशन में भारी गड़बड़ी हुई है. भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने सभी 90 विधानसभा में संचालित कार्यों की समीक्षा की बात कही. मंत्री अरुण साव ने विधायकों के सुझाव पर अमल करते हुए परीक्षण करने की घोषणा की.

भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने सदन में जल जीवन मिशन में भारी गड़बड़ी का हवाला देते हुए कहा बिल्हा विधानसभा में सिर्फ 10 प्रतिशत काम हुआ है. भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने सभी 90 विधानसभा में संचालित कार्यों की समीक्षा की बात कहते तंज कसा कि कांग्रेस सरकार में गधे-गंवारों को काम मिलता रहा है.

मंत्री अरुण साव ने बताया कि प्रदेश में कुल 883 संस्थाओं का फर्म को पंजीकृत किया गया है. अनिमियता पाए जाने के बाद 79 संस्थाओं का पंजीयन निरस्त किया गया. लगातार विभाग को दुरस्त को किया जाए. कार्य में लापरवाही बरतने वाले 9 अधिकारी और कर्मचारी निलंबित किए गए. जहां पर भी गड़बड़ी पाई जाएगी उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी.

धरम लाल कौशिक ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के दो ब्लॉक में सिर्फ 10 प्रतिशत काम हुआ है. इस पर अरुण साव ने कहा कि सदस्य की जो शिकायत उस पर जाँच कराएंगे.

## कोरासी में गुरुओं के स्मरण में लगाए गए 300 पौधे

**ग्राम को हरा-भरा बनाने युवाओं ने चलाया वृक्षारोपण अभियान**



**आरंग (विश्व परिवार)।** सोमवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर गुरुओं के स्मरण में ग्राम कोरासी में युवा नेता खिलेश देवांगन के नेतृत्व में ग्राम के उत्साही युवाओं ने 300 से अधिक पौधे रोपित किए। युवा नेता खिलेश देवांगन ने बताया पौधरोपण को लेकर युवाओं व ग्रामीणों में गजब का उत्साह दिखा।

इसके लिए योजनाबद्ध ढंग से ग्राम के युवागण गड्ढे खोदकर ग्राम के स्कूल परिसर, अस्पताल परिसर, गार्डन मैदान, बघधरा तालाब किनारे,सतनाम भवन मैदान इत्यादि स्थानों में आक्सीजन युक्त, सौंदर्य युक्त,छायादार, फलदार पौधे रोपित कर ग्राम में हरियाली का संदेश दिया। साथ ही रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए युवाओं की टीम बनाया गया है जो वर्षभर रोपित पौधों की सिंचाई, देखभाल और सुरक्षा करेंगे।इस तरह इतने बड़े पैमाने पर युवाओं की इस पहल की सर्वत्र सराहना हो रही है। लोग सोसल मीडिया में इन युवाओं की कार्य को सराह रहें हैं। वहीं पौधरोपण अभियान में प्रमुख रूप से ग्राम से युवा नेता खिलेश देवांगन, सोहन साहू, मुकेश देवांगन भोला, राकेश पटेल, थामलेश साहू, सूरज देवांगन, तिलक साहू, अजय देवांगन, नरेश धीवर, तोरन साहू,कृष्णा साहू, दुर्गेश साहू, मुकेश देवांगन, नागेश वर्मा, बीरबल धीवर, राजेश देवांगन, मोंटी धीवर सोनू धीवर, प्राचार्य वीरेंद्र कुमार टंडन, भगदास बंजारे, भरत लाल सोनकर, संजय कुमार मानिकपुरी, मनोज स्वर्णकार, अनिल कुमार श्रेय, सूर्य भानु प्रताप शिवहरे, धर्मेंद्र धीवर, चंदू साहू, जितेन्द्र साहू, पारस, ललित, मनोज भुनेश्वर, अखिल, बीरेंद्र देवांगन, राकेश पाटले, द्रविड़ पाटले, टिकेश, श्रीमती मीना डहरिया, प्रभा साहू, इन्दा साहू आदि ने भाग लिया।


## कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर
प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
फोन नं.-0771-4016094 E-mail ID:- em_zone2@yahoo.com

### // आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाये गये आबंटियों को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित भू-खण्ड/भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

| क्र | आबंटी का नाम | पिता/पति का नाम | आयु | कॉलोनी का नाम | भू-खण्ड/भवन क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | श्रीमति प्रिति सिंह | स्व. श्री देवेन्द्र सिंह | 56 | सेक्टर-27 नवा रायपुर अटल नगर | पी3ए-223 |

**संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./12760/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 18-07-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 12760**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445D00331** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMRITI CHOPDA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JITENDRA CHOPDA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **राहुल गोयल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **अशोक गोयल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री दिनेश कोसरिया**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,

सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

### आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **सड्डू,** रायपुर में स्थित **एल.आई.जी. भवन क्रमांक-979, श्रीमती मंजूषा मार्डीकर पति श्री हेमंत मार्डीकर** के नाम से आबंटित है, आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक **15/06/2006** पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, जिसके पश्चात् उक्त भवन को आबंटी द्वारा **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमि.** में बंधक रख कर ऋण लिया गया था, जिसका उक्त आबंटी द्वारा प्रस्तुत आवेदन साथ **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमि.** का समापन पत्र एवं बकाया नहीं पत्र की प्रति संलग्न की गई है। वर्तमान में आबंटी **श्रीमती मंजूषा मार्डीकर पति श्री हेमंत मार्डीकर,** निवासी- एम.आई.जी.-12, सांई मंदिर के पास, रामकृष्ण परमहंस नगर, कोटा, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती किरण मनु पति श्री इन्द्रमौली शंकर मनु,** निवासी 304, यश लेक व्यु अपार्टमेंट, पेट्रोल पम्प के बाजू, हिन्द नगर, रिसाली भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र **(NOC)** की मांग की गई है।

अत: उक्त भवन के विक्रय विलेख के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर**



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,

सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

### आम-सूचना

सर्व- साधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा, सामान्य आवास योजनातंर्गत **पिरदा,** रायपुर में स्थित **सीनि.एम.आई.जी. भवन क्रमांक-13,** को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक-**6134** दिनांक **29.11.2013** के द्वारा **श्रीमती दुर्गा राय पति श्री उदय प्रकाश राय,** के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में सम्पूर्ण राशि जमा कराकर पंजीयन कार्यालय से दिनांक **24.07.2017** को लीजडीड निष्पादित पश्चात् इस कार्यालय के पत्र क्रमांक-556 दिनांक **28.01.2019** भवन का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है।

वर्तमान में आबंटी **श्रीमती दुर्गा राय पति श्री उदय प्रकाश राय,** निवासी- जी/6-23, शिव मंदिर कलेक्टरेट कॉलोनी, कवर्धा तह व जिला कबीरधाम, (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **अंशिता बाजपेयी पिता श्री रमाकांत बाजपेयी,** निवासी- म.नं-17, सेल टेक्स कॉलोनी, शिव मंदिर के पास, खम्हारडीह पो. शंकर नगर, रायपुर, (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र **(एन.ओ.सी.)** प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के विक्रय करने के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के **15 दिवस** के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./13261/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 23-07-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13261**
**वार्ड का नाम- 26 - दानवीर भामाशाह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 26 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR111C00018** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **KU. CHHAYA WARETWAR/ KISHOR KUMAR WARETWAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MORESHWARRAO WARETWAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री किशोर कुमार वरेटवार** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- स्व. श्री मोरेश्वर राव वरेटवार** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./13076/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 23-07-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 13076**
**वार्ड का नाम- 26 - दानवीर भामाशाह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 26 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR111C00037** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **VIRENDRA KUMAR VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BASANT KUMAR SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री जितेन्द्र यदु** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- स्व. श्री दया राम यदु** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

### -: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

**नामांतरण प्रकरण क्र. 287 दिनांक 22.07.2024**
**वार्ड का नाम- रविशंकर शुक्ल वार्ड**
**वार्ड क्र. 13 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 13 मांग **पंजी क्र. 1937 युआईडी 37825** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **भूपेन्द्र कुमार राठौर/ स्व. पोपट लाल राठौर** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मोहम्मद इम्तियाज/ मोहम्मद नियाज अहमद** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21-08-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**



## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

### -: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

**नामांतरण प्रकरण क्र. 286 दिनांक 22.07.2024**
**वार्ड का नाम- रविशंकर शुक्ल वार्ड**
**वार्ड क्र. 13 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 13 मांग **पंजी क्र. 1937 युआईडी 37825** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **अहिल्या अग्रवाल/ स्व. आर.सी. अग्रवाल** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **भूपेन्द्र कुमार राठौर/ स्व. पोपट लाल राठौर** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21-08-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**



## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

### -: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

**नामांतरण प्रकरण क्र. 285 दिनांक 22.07.2024**
**वार्ड का नाम- रविशंकर शुक्ल वार्ड**
**वार्ड क्र. 13 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 13 मांग **पंजी क्र. 1937 युआईडी 37825** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **लालू भाई सरवैया/ बालू भाई सरवैया** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **अहिल्या अग्रवाल/ स्व. आर.सी. अग्रवाल** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21-08-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

# कानून व्यवस्था के लिए फील्ड में अलर्ट रहकर काम करें अधिकारी-कलेक्टर

**साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने और मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही के निर्देश**

**कलेक्टर और एसपी ने की लॉ एंड ऑर्डर की समीक्षा**



**रायगढ,(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के साथ जिले में लॉ-ऑर्डर को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर श्री गोयल ने अधिकारियों से कहा कि अपने प्रभार वाले क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर अलर्ट रहकर काम करें। आपसी समन्वय के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने विस्फोटक भंडारण के लिए जारी लाइसेंस की जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शर्त के निर्देशों के अनुरूप भंडारण गतिविधि चल रही है या नही यह देखने के लिए कहा और उल्लंघन पर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश भी दिए। बिजली विभाग को हाईटेंशन तारों को लेकर निगरानी करने के लिए कहा। जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना या अप्रिय स्थिति न हो। उन्होंने परिवहन, पर्यावरण और यातायात विभाग को सड़कों पर फ्लाई ऐश का परिवहन तारपोलिन ढंक कर किए जाने की जांच के निर्देश दिए। ओवरलोड गाडियों पर भी कार्यवाही के लिए कहा। सड़कों पर ट्रैफिक मैनेजमेंट पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सड़क पुल-पुलिया के रख-रखाव की मॉनिटरिंग विभागीय अधिकारी निरंतर करें। कहीं सुधार या मरम्मत की जरूरत है तो सक्रियता से उसे समय पर कर लें। इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल ने डीजे, लाउड स्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्रों के लिए तय ध्वनि सीमा और 10 बजे के बाद उपयोग नहीं किए जाने और अन्य गाइडलाइंस के अनुसार ही उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कहा। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने कहा कि धार्मिक सामाजिक आयोजनों में विशेष सतर्कता बरतते हुए काम करें। समाज के वरिष्ठ जनों से निरंतर संवाद रखें। जिससे आपसी सौहार्द्र बना रहे। उन्होंने अशांति फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उचित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने फील्ड के अधिकारियों को कोई घटना होने पर आपस में सूचना साझा करते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर उचित कार्यवाही व राहत बचाव कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में एडीएम सुश्री संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एडिशनल एसपी श्री आकाश मरकाम, सीएसपी श्री आकाश शुक्ला सहित सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी बैठक में उपस्थित हुए। कलेक्टर श्री गोयल ने अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी, नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर लगातार कड़ी कार्यवाही करने के लिए कहा। समीक्षा के दौरान आबकारी विभाग से की गई कार्यवाही का अपडेट लिया। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही बढ़ाए। एनडीपीएस एक्ट के तहत नारकोटिक्स और ड्रग्स के विरुद्ध जांच और कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस विभाग के साथ फील्ड में संयुक्त रूप से कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने सायबर जागरूकता को लेकर पुलिस विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने बताया कि 'साइबर सुबह' अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन साइबर फ्रॉड के तरीके और उससे बचने के उपायों को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# जिले को नशा मुक्त करने सभी विभाग मिलकर करें कार्य- कलेक्टर

**डायरिया के रोकथाम के लिए नगरीय निकाय स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता करें सुनिश्चित**

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** आज समय सीमा की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में रखी गई थी। जिसमें कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने जिले में संचालित सभी योजनाओं की विभागवार जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल, सर्व एसडीएम सहित अन्य संबंधित जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिले में शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी स्कूलों की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। शाला प्रवेश, स्कूलों में साफसफाई की अच्छी व्यवस्था एवं स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री व्यास ने स्कूली बच्चों में गुटखा तंबाकू खाने की प्रवृत्ति बढ़ने पर चिंता जताते हुए कहा कि स्कूल परिसर के 100 मीटर के दायरे में गुटखा, तंबाकू बेचना अपराध है । इस बेचते हुए पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी इसलिए नगरीय निकाय के अधिकारियों एवं पंचायत विभाग को सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा उल्लास कार्यक्रम के तहत साक्षरता कार्यक्रम को शत प्रतिशत रूप में लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने गहन डायरिया नियंत्रण कार्यक्रम की जानकारी लेते हुए इसके सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिये स्वास्थ्य विभाग को कहा। साथ ही समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि लोगों के घर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो जिसके लिए सैंपल की जांच कराएं। साथ ही उन्होंने पानी आपूर्ति के लिए उपयोग में लाए जा रहे सभी पाइप लाइन की अच्छी तरह से जांच करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा जल स्रोतों से पानी के सैंपल की जांच कराने को भी कहा गया।

# जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में ली गई बैठक

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** आज जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिले की कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संतोष महतो, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल, सीएमएचओ डॉ आर एस सिंह, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अन्य जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कानून व्यवस्था के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन में बेहतर समन्वय की आवश्यकता बताई। उन्होंने उपस्थित जिलास्तरीय अधिकारियों से जिले के विभिन्न जाति के लोगों एवं सामाजिक तथा धार्मिक समुदाय के मध्य सदभाव और सौहार्द निरंतर कायम रखने की कार्ययोजना के संबंध में चर्चा की। साथ ही असामाजिक तत्वों द्वारा किसी भी तरह के विवाद की स्थिति न उत्पन्न किया जा सके इसके लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन को सतर्क एवं तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान जिले में होने वाली किसी भी प्रकार की रैली प्रदर्शन या आंदोलन को लेकर उन पर बराबर नजर रखने के निर्देश जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को दिया गया। इसके अलावा बैठक के दौरान दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा, आगजनी आदि जैसी आकस्मिक रूप से उत्पन्न होने वाली स्थिति में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

# नटवर स्कूल में हुआ गुरुपूर्णिमा का आयोजन बच्चों को बांटे गये सरस्वती साईकल

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार स्थानीय शासकीय नटवर इंग्लिश अंग्रेजी माध्यम स्कूल में हर्षोल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री के. आर.मेहर एवं श्री एन.के.स्वर्णकार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य श्री राजेन्द्र कलेत द्वारा गुरु शिष्य के पारस्परिक संबंध एवं उनके दायित्वों पर प्रकाश डाला गया। व्याख्याता प्रहलाद पटेल द्वारा वर्तमान में गुरु के महत्व के बारे में जानकारी दी। मौके पर मुख्य अतिथियों ने अपने अनुभव को छात्रों को साझा किया गया। कार्यक्रम के अंत मे छात्र-छात्राओं द्वारा गुरु की महिमा थीम पर संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। गुरुपूर्णिमा कार्यक्रम के उपरांत सरस्वती साईकल योजना के अंतर्गत छात्राओं को स्थानीय जनप्रतिनिधि श्री मनीष कंकरवाल, शिक्षा विभाग से श्री भुवनेश्वर पटेल एवं श्री भूपेंद्र पटेल एपीसी के द्वारा शासन द्वारा प्रदत्त नि:शुल्क साईकल कक्षा 09 में पढने् वाले 12 बच्चों को वितरित किया गया। इस दौरान श्री राजेन्द्र कलेत, श्री विकास मिश्रा, श्री प्रहलाद सिंह पटेल, श्रीमती विस्मिता मिश्रा, उषा चंद्रा, श्रीमती सरिता साहू, पुष्पलता भट्टाचार्य, उषा चंद्रा, पुष्पांजलि दाशे, मनीषा गुप्ता और पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन श्री विकास मिश्रा ने किया। बच्चों ने मनाई शिक्षा सप्ताह-राज्य के निर्देशानुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मे एनईपी 2020 के अंतर्गत आज शिक्षकों को टीएलएम द्वारा अध्यापन करवाया गया, जिसका निरीक्षण मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया एवं उन्हें टीएलएम की विशेषताएं बताई गई कि किस प्रकार यह अध्यापन को सुरुचिपूर्ण मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक बनाता है।

# तीन नोटिस के बाद बलौदा बाजार पहुंचे विधायक देवेंद्र यादव

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सोमवार को बलौदाबाजार पहुंचे तथा एसपी विजय अग्रवाल से मुलाकात के बाद कोतवाली थाना पहुंचे, जहां पुलिस घटना को लेकर पूछताछ की। बता दें, 15 और 16 मई की दरमियानी रात कुछ असामाजिक तत्वों ने गिरौधपुरी धाम में सतनामी समाज के धार्मिक स्थल के पूज्य जैतखाम में तोडफ़ोड़ की थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस की इस कार्रवाई से समाज के लोग असंतुष्ट थे और न्यायिक जांच की मांग कर रहे थे। इस बीच गृहमंत्री विजय शर्मा ने न्यायिक जांच की घोषणा की। वहीं 10 जून को जैतखाम में तोडफ़ोड़ के विरोध में हजारों लोग कलेक्ट्रेट के पास एकत्र हुए और जमकर हंगामा किया। जहां प्रदर्शन हिंसक और प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर और एसपी कार्यालय को आग के हवाले कर दिया। इस मामले में अब तक 150 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इधर समाज के इस प्रदर्शन में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव भी शामिल हुए थे जिसके चलते उन्हें भी नोटिस दिया गया था किंतु ती नोटिस के बाद भी विधायक यादव थाने में उपस्थित नही हो रहे थे। फिलहाल मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। वहीं मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने कहा इस संबंध में कहा कि सतनामी समाज के कुछ लोगों के बुलावे पर प्रदर्शन में आया था पर मंच पर नहीं गया। पुलिस घटना के वास्तविक दोषी लोगों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस ने तीन नोटिस दिया था पर मैं पारिवारिक कारणों से बाहर था। कल पुलिस घर पहुंच गई, इससे मै व्यथित हूं। आज मैने अपने प्रदेश अध्यक्ष को जानकारी देने के बाद एसपी से मुलाकात करने आया हूं।

# एसीसी कम्पनी मे कोयला के हेराफेरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले की दीपका थाना पुलिस ने एसीसी कंपनी में कोयला के हेराफेरी करने वाले तीन ट्रक ड्राईवरों को गिरफ्तार किया है। वहीं हेराफेरी में शामिल दो ट्रक मालिक फरार, उनकी तलाश की जा रही है। बता दें कि दिनॉक 22.06.2024 को एसीसी सीमेंट कम्पनी प्रबंधक वारा एक लिखित आवेदन पेश किया कि एसीसी कम्पनी में दीपका खदान से मंगाये जाने वाले कोयले में हेराफेरी किया जा रहा है कि शिकायत दिनांक 22/06/24 के आधार पर थाना जामुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। दौरान विवेचना के दीपका खदान कोरबा से जी 11 ग्रेड के कोयला परिवहन कर एसीसी कम्पनी लाना था जिसे रास्ते में तीन ट्रक छ्त्र 10 क्कस् 8330, छ्त्र 11 क्क 7704, छ्त्र 04 रुक्र 7645 के वाहन चालकों के द्वारा कोयला को बदल कर दूसरा खराब क्वालिटी का कोयला कंपनी में लाया जा रहा है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला सर (भा.पु.से) के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकी सुखनंदन राठौर (रा.पु.से.) एवं नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल (रा. पु.से.) के मार्गदर्शन में फरार आरोपीयान गिरफ्तार करने कहा गया था। जिस पर थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक श्री कपिल देव पाण्डेय की टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर घटना के बाद से फरार आरोपियों 1. लव कुमार साहू पिता देवी प्रसाद साहू उम्र 29 पता नवागांव मोहदा बिलासपुर, 2. रूपेश कुमार साहू पिता दुर्गा प्रसाद उम्र 21 साल पता नवागॉव बिलासपुर 3. राजेन्द्र प्रजापति पिता चन्द्रभान प्रजापति उम्र 29 साल पता झलफा हीरी बिलासपुर को गिरफ्तार किया।

## समय सीमा में करें प्रकरणों का निराकरण : कलेक्टर

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयन तारा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कामकाजों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आम जनता की सभी समस्याओं को ध्यान से सुनें एवं के संबंधित सभी प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में भूमि अधिग्रहण, सीमांकन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी की उपलब्धता और अभिलेख दुरुस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान की स्थिति आदि की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री व्यास ने बैठक में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गंभीरता लाते हुए उनमें प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ध्यान रखें कि सभी प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण हो।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिक बालिका से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कोरिया(विश्व परिवार)।** जिले के सोनहत थाना पुलिस ने एक स्कूली बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके खिलाफ धारा 75 बीएनएस व 08 पाक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही की है। मिली जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति ने थाना सोनहत में उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी पुत्री हाई स्कूल सुन्दरपुर में कक्षा 09 वीं में पढ़ाई करती है, जो 14 वर्ष की है। वह दिनांक 19 जुलाई 2024 की सुबह दुर्गा बस से शा.उ.मा. विद्यालय सुन्दरपूर स्कूल पढ़ाई करने गयी थी, जो स्कूल से शाम 04:00 बजे छुट्टी होने के बाद शिवबचन दुकान के पास घर आने के लिये बस का इंतजार कर रही थी। कुछ देर बाद ग्राम सुन्दरपुर का लालमन गोड़ अपनी मोटर साईकिल से आया और मेरी पुत्री को बोला की चलो मैं तुमको तुम्हारे घर छोड़ देता हूँ, फिर उसके बाद लालमन मेरी पुत्री को बैठा कर पत्थरगवां की ओर ले गया और रास्ते में गाड़ी रोककर सुगाडाड़ जंगल के पास मेरी नाबालिक पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा तभी मेरी पुत्री किसी तरह उससे बचकर वहां से भागने लगी। उसी दौरान उसके गांव का सुरेन्द्र वहां पर आ गया तब लालमन उसे देखकर अपनी गाड़ी स्टार्ट कर वहां से भाग निकला। ग्राम सुन्दरपुर का लालमन मेरी नाबालिक लडक़ी के साथ छेड़छाड़ किया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सोनहत में अपराध क्रमांक 126/2024 धारा 75 बीएनएस व 08 पाक्सों एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान प्रार्थी से पूछताछ कर निशानदेही पर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया और प्रकरण के नामजद आरोपी लालमन सिंह जाति गोड़ निवासी सुन्दरपुर थाना सोनहत को पकड़ा गया। आरोपी लालमन सिंह से पूछताछ करने पर उसने बताया कि आरोपी नाबालिक बालिका को सुगाडाड़ जंगल के पास बेइज्जती करने के नियत से हाथ पकडक़र खींचते हुए झाड़ी तरफ ले गया था, पीड़िता किसी तरह उससे बचकर भागने लगी उसी समय सुरेन्द्र नाम का व्यक्ति वहां पर आ गया तब मैं उसे देखकर अपनी गाडी स्टार्ट कर वहां से भाग गया। आरोपी के विरूद्ध साक्ष्य सबूत पाये जाने पर आरोपी लालमन सिंह को हिरासत में लिया गया है। प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### पुलिस ने 28 नग गौ वंश को तस्करी होने से बचाया

**जशपुर(विश्व परिवार)।** जशपुर पुलिस द्वारा पशु तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार रात को गौ तस्करों से 28 गायों को बचाया। हालांकि इस दौरान तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये जिनकी तलाश की जा रही है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा मवेशी तस्करों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, पुलिस द्वारा निरंतर पशु तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही हुये लगभग 200 मवेशियों को जप्त किया गया है एवं फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। ऐसे ही एक मामले में रविवार रात लगभग 1:30 बजे पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि जशपुर सीमा से लगे भभरी जंगल होते हुये झारखंड की ओर कुछ व्यक्ति मवेशियों को क्रूरतापूर्वक मारते-पीटते तेज गति से तस्करी करते हुए ले जा रहे हैं। इस सूचना पर सिटी कोतवाली जशपुर में पदस्थ उप निरीक्षक सरिता तिवारी एवं सहायक उप निरिक्षक ईष्वर प्रसाद वारले के नेतृत्व में अलग-अलग टीम गठित कर मौके के लिए रवाना किया गया, टीम द्वारा ग्राम जरिया के आदर्श लोक शिक्षा केन्द्र के पास दबिश देकर घेराबंदी किया गया एवं 28 नग मवेशियों को जप्त किया गया। पुलिस को घेराबंदी करते देख तस्करी कर रहे व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। पुलिस द्वारा अज्ञात तस्कर से जप्त कुल 28 नग मवेशियों को जप्त कर सुरक्षार्थ रखवाया गया है एवं पशु तस्करी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। फरार आरोपी के संबंध में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिन्हें जल्द की गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जिले के विभिन्न स्थानों पर मवेशियों को लगाया जा रहा रेडियम बेल्ट

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एस. पी. सिंह के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्ग में मवेशियों को दुर्घटना से बचाने हेतु रेडियम बेल्ट लगाया जा रहा है। साथ ही जिले के सभी राजमार्गो में मवेशियों के जमावड़े को रोकने हेतु ग्रामीणों की बैठक लेकर मवेशियों के राजमार्गों में जमावड़े को रोकने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करने एवं पंचायत स्तर पर ही पशुओं के व्यवस्थापन हेतु समझाईश दी जा रही है।

# संपादकीय

## कोई राज्य हाईवे कैसे बंद कर सकता है......

सर्वोच्च अदालत ने हरियाणा सरकार से अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर लगाए अवरोधक हटाने का निर्देश दिया है। अदालत ने राजमार्ग को अवरुद्ध करने के अधिकार पर भी प्रश्न उठाए। कोई राज्य हाईवे को कैसे बंद कर सकता है। यातायात नियंत्रित करने को उसका दायित्व बताते हुए अदालत ने कहा कि किसान भी देश के नागरिक हैं। उन्हें खाना दीजिए, चिकित्सकीय देखभाल कीजिए। पीठ ने कहा वे आएंगे, नारे लगाएंगे, वापस चले जाएंगे। संयुक्त किसान मोर्चा, किसान मजदूर मोर्चा द्वारा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली चलो की घोषणा के बाद हरियाणा सरकार ने फरवरी में अंबाला-नई दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग में बैरीकेड्स लगा दिए थे। शीर्ष अदालत हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। जैसा कि फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों के दरम्यान हुई झड़प में हुई किसान की मौत की जांच के लिए उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में पैनल गठित करने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार का कहना है कि 400-500 किसान पंजाब की तरफ बैठे हैं। सबसे बड़ी अदालत की नाराजगी उस यातायात अव्यवस्था के कारण है, जिससे जनता को हर रोज जूझना पड़ता है। इस पर हैरत नहीं होती कि सरकारें किस बेरुखी से व्यस्त सड़कों पर अवरोधक लगाने के आदेश जारी कर देती हैं। पांच महीनों से ऐसी सड़क को बाधित रखना, जिसका प्रयोग ढेरों लोग नियमित तौर पर करते हैं। यहां तो किसानों के उग्र आंदोलन की दलील दी जा सकती है जबकि देखने में आता है कि राजनेताओं की सुविधा और उनके कार्यक्रमों के मद्देनजर देश भर में अवरोधकों के धड़ल्ले से उपयोग होते रहते हैं। अदालतों की कड़ी टिप्पणियों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती। सरकारी आदेशों या नियमों के विरोध का हक नागरिकों से छीना नहीं जा सकता। उन्हें काबू में रखने के तरीके मानवीय और व्यावहारिक भी हो सकते हैं। बात नाराज किसानों की ही नहीं है, बल्कि सड़क को लंबे समय तक बंद रखने और वैकल्पिक व्यवस्था देने में कोताही की भी है। उम्मीद की जानी चाहिए अदालत के इस आदेश से सरकारें सीख लेंगी और भविष्य में अवरोधकों का बेजा प्रयोग थम जाएगा।

### विशेष लेख

## बुलडोजर संस्कृति पर पुर्नविचार जरूरी........

अजय दीक्षित

भाजपा में आंतरिक क्या अन् र्तविरोध है, यह प्रकट नहीं हो तो कांग्रेस समेत अन्य पार्टियों के विवाद जनता के सामने जल्दी आ जाते हैं और टी.वी. चैनल उन्हें बड़ा चढ़ा कर दिखलाते हैं । हाल ही में दिल्ली के कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा ज्वाइन कर ली । वे एक बार पहले भी भाजपा में जा चुके थे । संजय निरुपम शिवसेना छोड़कर कांग्रेस में आये थे, अब वे राहुल गांधी से विरोध के कारण पुन: शिंदे गुट की शिवसेना में चले गये । असम के वर्तमान मुख्यमंत्री पहले कांग्रेस के अन्तरंगों में से थे । उनकी पहुंच सीधे राहुल गांधी के अन्दर के कमरे तक थी । आप की पार्टी की ओर से दिल्ली महिला आयोग की स्वाति मालीवाल से विवाद कोर्ट तक पहुंच चुका है । शाजिया इल्मी आप पार्टी की ओर से लोकसभा का चुनाव गाजियाबाद से लड़ चुकी हैं । कुमार विश्वास, आशुतोष बगैरा पूर्व आम आदमी पार्टी में रह चुके हैं । सपा के एक पूर्व प्रवक्ता आजकल भाजपा का गुणगान करते हैं । केवल आशुतोष को छोड़कर अन्य सभी पार्टी बदलने वाले अपनी पूर्व पार्टी को कोसते हैं । आध्यात्म और नैतिक दृष्टि से यह उचित नहीं है । सम्बन्धों में दरार आती है, पर वह आम जनता तक नहीं पहुंचनी चाहिए । तलाक के कछ मामलों को छोड़कर शेष में पति-पत्नी के बीच पिछले जीवनको लेकर बहुत-कुछ बुरा भला कहा जाता है । भाजपा का आंतरिक क्लेश, अच्छा है, बाहर प्रकट नहीं होता । इसी से उस पर लिखना नैतिक दृष्टि से उचित नहीं होगा । हां योगी जी की बुलडोजर कार्यवाही अब आम हो गई है । अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी इसे निभा रहे हैं । असल में बुलडोजर से किसी का घर तोड़ना एक प्रकार का दण्ड है । प्रजातंत्र में तीन स्तंभ होते हैं -- कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका । दण्ड देने का अधिकार केवल न्यायपालिका के पास होता है । अब तो बात-बात पर बुलडोजर चलता है । कहते हैं यह मकान सरकारी जमीन पर बना है, या नगर पालिका से नक्शा पास नहीं था । पूरी बस्ती ही गैर-कानूनी है । अभी पिछले दिनों पूरा नगर ही उजाड़ दिया गया ?। असल में इसके लिए न्यायालय का आदेश होना चाहिए । पर शायद यश और ख्याति बटोरने के लिए बुलडोजर चलता है । उत्तर प्रदेश में तो ऐसे उदाहरण भी हैं कि मकान पत्नी के नाम पर है परन्तु पति के किसी कार्यवाही के कारण मकान ध्वस्त कर दिया जाता है । रेलवे की पटरी के पास बहुत सी सरकारी जमीन पर लोगों ने कब्जा किया हुआ है । आखिर ऐसा क्यों होता है । हम कहते हैं कि हम आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था हैं और शीघ्र ही तीसरी अर्थव्यवस्था हो जायेंगे --रूस और अमरीका के बाद । परन्तु फिर प्रति व्यक्ति आय क्यों घट रही है? क्या कोई सरकारी जमीन पर कब्जा करता है । कार्यपालिका क्या करती है? क्यों नहीं सरकारी जमीन पर पहली ईंट रखते समय ही उसे क्यों नहीं रोका जाता ? अब तो मंत्रीगण और क्षेत्र के विधायक भी उनके इलाके में हो रहे कार्यों का निरीक्षण करते हैं । विधायक कलेक्टर को भी धमकाने लगते हैं । छोटे अफसरों की तो बात ही छोड़ दो । तहसीलदार भी अब अस्पताल का निरीक्षण करके सी.एम.ओ. को धमकाते हैं । कोई मीटिंग में देर से पहुंचा तो तत्काल उसे सस्पेंड कर दिया जाता है । जब कोई मकान बनता है तो उसमें देश का सामान लगता है । लकड़ी, कांच, सीमेंट, रेत, ईंट गिट्टी बगैरा । यह बुलडोजर प्रकृति इस प्रकार देश के संसाधनों का दुरपयोग ही है । अच्छा हो मुख्यमंत्री या मंत्री गण अपनी जिम्मेदारी लें । अभी हाथरस काण्ड में कुछ निचले अधिकारी सस्पेंड हुए हैं । आखिर में तो जिम्मेदारी विधायिका की है जो नियुक्ति करती है । दण्ड का विधान न्यायपालिका के पास ही रहना चाहिए । आप बुलडोजर संस्कृति से अखबारों की सुर्खियां बटोर सकते हैं, परन्तु यह गलत है । फिर देश के संसाधनों का नुकसान होता है । कभी भारत में सीमेंट मजिस्ट्रेट की आज्ञा से एक बोरी मिलता था । आज भी लोहा, सीमेंट, खाद आदि की कमी है । प्रधानमंत्री को तत्काल इस पर ध्यान देकर कोई नीति बनानी चाहिए । हमारे प्रधानमंत्री जरूर इस पर ध्यान दे रहे होंगे क्योंकि वे देश के संसाधनों के उचित प्रयोग के बारे में अनेक बार का कह चुके हैं ।

### पुण्यतिथि विशेष/बानपुर नरेश राजा मर्दनसिंह

# 1857 के प्रथम जनविप्लव और गांधीयुगीन सत्याग्रह आन्दोलन... में ललितपुर आगे से भी आगे पर रोटी-रोजी में पीछे से भी पीछे

ललितपुर। प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन के वीर सपूत बानपुर नरेश राजा मर्दनसिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि आजादी की प्रथम अठारह सौ सत्तानवी जनक्रान्ति की चिनगारी को प्रचंड ज्वाला के रूप में धधकाने वाले शौर्य और पराक्रम के साथ-साथ अद्भुत धीरता के धनी बानपुर (ललितपुर) के छोटे से राज्य के राजा मर्दनसिंह ने औपनिवेशिक चक्रवर्तित्व के अहंकार में मदमस्त , ब्रिटिशराज को अपनी व्यवहारिक सूझ-बूझ से भी कूटनीतिक चालों से बार-बार पटखनी दे-देकर , झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को लगभग सभी मोर्चों पर , उनके सगे बड़े भाई की तरह डटकर जो नि:स्वार्थ सहयोग , उनके दाहिने हाथ के रूप में दिया है , उसकी गूंज न केवल बुन्देलखण्ड में अपितु देशदेशान्तर तक यूरोपीय जगत में सुनाई देने लगी थी । सन् 1757 में अपनी धूर्तता और कुटिलता से जिस अँग्रेजी साम्राज्य की दागबेल लार्ड क्लाईव के हाथों डाली गई थी , वह मात्र 100 वर्षों के अन्तराल से 1857 में लार्ड डलहौजी के जमाने में पीपल के पत्ते की तरह हिलने लगेगी , इसकी परिकल्पना इग्लैंड में बैठे ईस्ट इण्डिया कम्पनी के संचालकों ने कभी न की होगी । इसलिए 20 मई 1857 को वहां के जागरूक सांसद जॉन ब्राईट को हाऊस ऑफकामन्स में , भारतीय जनता के आँख खोल देने वाले सशस्त्र जन-प्रतिरोध के सम्बन्ध में यह कहना पड़ रहा था कि 卐 सरकार के नाम पर डाकू साक्षीदारों की कम्पनी का खात्मा अब जल्दी ही होने वाला है .......। तुमने इस विद्रोह को दबाने , में तलवार से काम लिया , वह तलवार टूट गई है , तुम्हारे हाथ में उसकी मूठ रह गई । समस्त यूरोप की निगाह में , तुम फ्टकार खाये , सिर झुकाये खड़े हो । 卐

तत्कालीन ब्रिटिश मजदूर नेता , प्रखर पत्रकार , क्रान्तिदर्शी कवि , भारतीय जन-विद्रोह के सच्चे चिन्तक अर्नेस्टजोन्स ने , जिन्हें ब्रिटिश शासकों ने जेल की काल-कोठरी में डाल दिया था । उन्होंने भारतीय जन विप्लव को अखिल विश्व की उत्पीड़ित जनता के मुक्ति संग्राम की एक मजबूत कड़ी मानते हुए उसके व्यापक प्रभाव की उद्भावना अपनी कविता में प्रस्तुत करते हुए कहा था -

विजयी सैलाब !!

सैकड़ों पर्वतों से जनता के अधिकारों की दुधर्ष नदी बहती है , और सिपाही जागते हैं ,एक के बाद एक दूसरी पल्टन भागती है ,तब वहां से भागते हैं , पैसे के लोभी जज ,ऐय्याश लार्ड , बे, मुफ्लिस अँग्रेज , जो यहां आकर नबाव बन गये थे ,



सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद श्री श्री महाराजा श्री मर्दन सिंह जू देव बहादुर



अत्याचारी -महाजन और घमंडी , व्यापारी भागते हैं , जब सारे देश में स्वतंत्रता का दुंदुभी घोष छा जाता है , उन्होंने बताया कि सात समुन्दर पार बैठे इंग्लैण्ड के मजदूर नेता अर्नेस्ट जोन्स की आँखों में तैरने वाले पीड़ित मानवता की मुक्ति के सपने को संघर्ष की जमीन पर जिन यौद्धाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया , उनमें नाना साहब , बहादुरशाह जफ्र रानी लक्ष्मीबाई तात्या टोपे , कुंवरसिंह , बेगम जीनत महल , मंगल पाण्डे , अजीमउल्ला की श्रंखला में बुन्देलखण्ड की वीरांगना अवंतीबाई , झलकारीबाई तथा बानपुर नरेश मर्दनसिंह व उनके अभिन्न सहयोगी शाहगढ़ नरेश बखतवली इस विप्लव को ऊँचाईयां देने में सदैव आगे से भी आगे रहे हैं ।

तदयुगीन पदयात्री मराठा पुरोहित पं विष्णुभट्ट शास्त्री ने अपनी विश्व प्रसिद्ध मराठी भाषा में लिखी मांझा प्रवास ( आँखों देखा गदर ) यात्रावृतांत पुस्तक के हिन्दी रूपान्तरण के पृष्ठ 22 एवं 23 पर राजा मर्दनसिंह के साहस , दृढता का खुलासा करते हुए कहा है -कलकत्ते में अँग्रेज गवर्नर ने भारतीय राजाओं और नबावों के लिए ब्रिटिशराज की जड़ों को मजबूत करने के लिए जो 84 सुत्रीय कार्यक्रम में लाये जाने के लिए प्रस्तुत किया था , उसका सशक्त विरोध बानपुर जैसे छोटे राज्य के जुझारू राजा मर्दनसिंह ने किया था । उन्होंने सावधान किया था कि यह हिन्दुस्तान , भरतखण्ड जम्बूद्वीप है । समग्र देश हमारी कर्मभूमि है ....कोई भी इन अनुचित कार्यों ( 84 सूत्रों ) को नहीं बनवा सकती मांझा प्रवास के पृष्ठ संख्या 65 पर अंकित है कि बानपुर के राजा को रानी लक्ष्मीबाई अपना बड़ा भाई मानती थीं इसलिए अंग्रेजों से भावी युद्ध होने की आशंका से वे अपने कुटुम्ब और खजाने सहित झांसी आ गये जहां उन्हें रहने के लिए बाईसाहब ने एक अलग महल देकर शाही बन्दोवस्त कर दिया । परन्तु कुछ दिनों बाद अँग्रेज सेनापति ह्यूरोज द्वारा निकट भविष्य में बानपुर पर आक्रमण के खतरे को भांपकर वे वहां लौट गये । ह्यूरोज ने नगर को घेर कर 7 दिनों तक लड़ाई जारी रखी ।अंत में बची-खुची सेना लेकर राजा बेतवा के कछारों में जाकर डट गये । अँग्रेजों के ताबे में बानपुर राज्य के चले जाने से सम्पूर्ण झांसी में शोक छा गया ।



1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के शताब्दी समारोह के शुभ अवसर पर महाराणा मर्दनसिंह के प्रपौत्र श्री कृष्णप्रताप सिंह जू देव से भेंट करते हुए प्रो. भगवत नारायण शर्मा

अक्सर कहा जाता था कि अँग्रेजों के राज में कभी सूर्य नहीं डूबता था परन्तु बड़ी सच्चाई यह थी कि उनके औपनिवेशिक राज में बलिदानियों का खून भी नहीं सूखता था ।

100 वर्ष पूरे होने पर जब देश में 1957 में धूमधाम से शताब्दी समारोह मनाया जा रहा था तब झांसी से लौटते समय ललितपुर बानपुर में पधारे राजा मर्दनसिंह के प्रपौत्र स्व. श्री कृष्ण प्रतापसिंह जूदेव से मेरी संयोगवश भेंट हुई । उन्होंने अवगत कराया था कि उनके यशस्वी पूर्वजों द्वारा किया संघर्ष व्यक्तिगत स्वार्थपूर्ति के लिए न होकर स्वराज्य प्राप्ति के लिए किया गया था । जिसके प्रमाणस्वरूप उन्होंने स्वयं उन मूलपत्रों जो रानी झांसी (बाईसाहब) और बानपुर नरेश के मध्य हुए पत्राचार के दस्तावेजों की मूलप्रतियां तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को सौंपी थी । इनमें उल्लखित स्वराज्य शब्द को पढ़कर नेहरू जी बहुत भावुक हो गये । उनकी आँखें छलछला आयीं और स्वराज्य शब्द को रेखांकित करते हुए उन्होंने इन दुर्लभ दस्तावेजों को राष्ट्रीय संग्रहालय दिल्ली में सुरक्षित करा दिया ।

उन्होंने अंत में कहा कि जनता कभी भी देशभक्त बहादुर सपूतों को व शत्रु से मिल जाने वाले देशद्रोहियों को नहीं भूल सकती । महाराजा के प्रपौत्र की आँखों में सहसा चमक आ गई और उन्होंने स्वीकार किया कि मैं बुन्देलखण्ड में जहां भी जाता हूं जनता मुझे बेमुकुट राजा मानकर अपने हृदय सिंहासन पर बैठाकर आज भी हर प्रकार की परतंत्रता से मुक्त होकर गरिमामय मनुष्योचित जीवन जीने के लिए संकल्पित है । यही मेरे जीवन में यश की सबसे बड़ी धरोहर है ।

# टीबी उन्मूलन के लिए प्रयास और चुनौतियां

रोहित पराशर




टीबी के मरीजों को नियमित चिकित्सा सेवाएं, दवाइयां और पोषण सहायता मिलनी चाहिए। इसके अलावा समाज को भी आगे आकर टीबी के रोगियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार अपनाना चाहिए। इससे टीबी रोगियों में जो हीन और अलगाव की भावना उत्पन्न हुई होती है, उससे छुटकारा मिलेगा। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को सही मायने में अपनाने और प्रदेश व देश को टीबी मुक्त करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है टीबी उन्मूलन के लिए पूरी दुनिया में प्रयासों में तेजी लाई जा रही है। भारत और हिमाचल प्रदेश में भी इससे छुटकारा पाने के लिए टीबी उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जहां विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक दुनिया को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है, वहीं भारत ने 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य रखा है। भारत को टीबी मुक्त करने के लिए केंद्र, राज्य और स्वयं सहायता संगठनों द्वारा विभिन्न स्तरों पर कार्य किए जा रहे हैं। लेकिन इन कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार और लोगों तक पहुंच न होने के चलते भारत का 2025 तक टीबी मुक्त होना संभव नहीं लग रहा है। 2024 आधा गुजर चुका है और पूरी दुनिया के 26 फीसदी से अधिक टीबी के रोगी भारत में देखे जा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि भारत में टीबी के मामले कम नहीं हो रहे, लेकिन टीबी मुक्त होने के लिए टीबी के मामलों में जिस गति से कमी आनी चाहिए, वह नहीं हो पा रही है। यही हाल पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में भी देखा जा रहा है। भले ही पिछले चार वर्षों में हिमाचल प्रदेश टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के आयोजन में पूरे देश में पहला स्थान हासिल कर रहा हो, लेकिन इसके बावजूद प्रदेश में हर साल लगभग 15 हजार टीबी के मामले देखे जा रहे हैं। साक्षरता में दूसरे स्थान पर रहने वाले हिमाचल प्रदेश में पर्याप्त जागरूकता न होने के चलते अभी भी टीबी के प्रति अंधविश्वास और भ्रांतियां कम नहीं हो पा रही हैं, जिससे टीबी को पूरी तरह खत्म करने में अनेकों चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। प्रदेश में पोषणयुक्त खाद्यान की कमी, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, जागरूकता की कमी, ग्रामीण क्षेत्रों में टेस्टिंग की सुविधा न होने के चलते टीबी हर साल पहाड़ के 1000 के करीब लोगों की जानें लील रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि टीबी का पोषणयुक्त आहार और लोगों के स्वास्थ्य के हालात के साथ सीधा संबंध है। जिन क्षेत्रों में पोषणयुक्त आहार मिलते हैं वहां पर लोगों के स्वास्थ्य के हालात अच्छे होते हैं और ऐसे क्षेत्रों में टीबी जैसे संक्रामक रोग का प्रसार अधिक नहीं देखा जाता है। जबकि पोषणयुक्त आहार न मिलने के चलते स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों से जूझने वाले क्षेत्रों में इस संक्रामक रोग का प्रसार अधिक देखा गया है। नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-5 के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में 6 से 59 माह तक के 55 फीसदी बच्चों में एनीमिया, 53 फीसदी महिलाओं में भी एनीमिया, 15 से 49 वर्ष तक की 13.9 फीसदी महिलाओं का बॉडी मास इंडेक्स सामान्य से कम पाया गया। वहीं 30 फीसदी महिला और पुरुषों में मोटापे की समस्या पाई गई है। सर्वे में निकलकर आए यह आंकड़े न सिर्फ चौंकाने वाले हैं, बल्कि इन्हें देखते हुए समय रहते सतर्क होने की भी जरूरत है। लोगों के स्वास्थ्य हालात में सुधार के लिए पोषणयुक्त आहार की उपलब्धता के लिए सरकारों को प्रयासों में तेजी लानी चाहिए ताकि इनकी वजह से टीबी सहित अन्य बीमारियों से लडने् के लिए लोगों में इम्यूनिटी तैयार हो सके। पोषण विशेषज्ञ के अनुसार टीबी के मरीजों को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन और मिनरल्स से युक्त आहार लेना चाहिए। मांस, मछली, अंडे, दूध, दही, पनीर, फ्ल और सब्जियां शामिल होने चाहिए। प्रोटीन की मात्रा 1.2 से 1.5 ग्राम प्रति किलोग्राम आइडियल बॉडी वेट के अनुसार होनी चाहिए। साथ ही विटामिन डी, ई, सी, ए और बी कॉम्प्लेक्स, सेलेनियम, जिंक, फोलिक एसिड और कैल्शियम का सेवन भी जरूरी होता है। इसके अलावा टीबी के मरीजों को एंटीबायोटिक दवाओं के साथ-साथ मल्टी विटामिन, मल्टी मिनरल्स और पर्याप्त मात्रा में ऊर्जा, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फाइबर का सेवन करना चाहिए। संक्रमित व्यक्ति को सही वजन बनाए रखने के लिए सामान्य से 20-30 फीसदी अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। प्रदेश में कई लोगों के पास पर्याप्त पोषक तत्वों से युक्त खाद्यान तक पहुंच नहीं है। गरीबी, कृषि उत्पादकता में कमी और खाद्य वितरण प्रणाली की कमियों के कारण कई लोग पर्याप्त पोषण नहीं ले पा रहे हैं। पोषणयुक्त आहार की कमी से टीबी रोगियों का स्वास्थ्य और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। इससे उनकी बीमारी का इलाज और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना कठिन हो जाता है। सरकार को गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को पोषक खाद्यान उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाने चाहिए। खाद्य वितरण प्रणाली में सुधार किया जाना चाहिए। टीबी के मरीजों को नियमित और पर्याप्त मात्रा में दवाएं और पोषक आहार उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार जरूरी है। इन उपायों से टीबी के प्रकोप को कम करने और मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि टीबी का पोषणयुक्त आहार और लोगों के स्वास्थ्य के हालात के साथ सीधा संबंध है। जिन क्षेत्रों में पोषणयुक्त आहार मिलते हैं वहां पर लोगों के स्वास्थ्य के हालात अच्छे होते हैं और ऐसे क्षेत्रों में टीबी जैसे संक्रामक रोग का प्रसार अधिक नहीं देखा जाता है। जबकि पोषणयुक्त आहार न मिलने के चलते स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों से जूझने वाले क्षेत्रों में इस संक्रामक रोग का प्रसार अधिक देखा गया है। नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-5 के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में 6 से 59 माह तक के 55 फीसदी बच्चों में एनीमिया, 53 फीसदी महिलाओं में भी एनीमिया, 15 से 49 वर्ष तक की 13.9 फीसदी महिलाओं का बॉडी मास इंडेक्स सामान्य से कम पाया गया। वहीं 30 फीसदी महिला और पुरुषों में मोटापे की समस्या पाई गई है। सर्वे में निकलकर आए यह आंकड़े न सिर्फ चौंकाने वाले हैं, बल्कि इन्हें देखते हुए समय रहते सतर्क होने की भी जरूरत है। लोगों के स्वास्थ्य हालात में सुधार के लिए पोषणयुक्त आहार की उपलब्धता के लिए सरकारों को प्रयासों में तेजी लानी चाहिए ताकि इनकी वजह से टीबी सहित अन्य बीमारियों से लडने् के लिए लोगों में इम्यूनिटी तैयार हो सके। पोषण विशेषज्ञ के अनुसार टीबी के मरीजों को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन और मिनरल्स से युक्त आहार लेना चाहिए। मांस, मछली, अंडे, दूध, दही, पनीर, फ्ल और सब्जियां शामिल होने चाहिए। प्रोटीन की मात्रा 1.2 से 1.5 ग्राम प्रति किलोग्राम आइडियल बॉडी वेट के अनुसार होनी चाहिए। सरकार, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय समुदाय को मिलकर काम करना होगा। इसके अलावा हिमाचल में कई दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की कमी है। टीबी के मरीजों को नियमित चिकित्सा सेवाएं, दवाइयां और पोषण सहायता मिलनी चाहिए। इसके अलावा समाज को भी आगे आकर टीबी के रोगियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार अपनाना चाहिए। इससे टीबी रोगियों में जो हीन और अलगाव की भावना उत्पन्न हुई होती है, उससे छुटकारा मिलेगा। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को सही मायने में अपनाने और प्रदेश व देश को टीबी मुक्त करने के लिए सरकार, स्वास्थ्य कर्मियों, सामाजिक संगठनों और समाज को मिलकर काम करने के लिए आगे आना चाहिए। साथ ही टीबी के प्रति लोगों में वृहद जागरूकता कार्यक्रम चलाने की जरूरत है। इसके अलावा जो लोग टीबी से मुक्त हो रहे हैं, उन्हें आगे आकर इसके बारे में समाज में जागरूकता फैलाने के साथ इससे निपटने के बारे में विस्तार से जानकारी साझा करनी चाहिए।

## यह मेरा मित्र बहुत साहसी

डॉ. दिलीप चौबे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी हाल की रूस यात्रा में एक अनोखी टिप्पणी की जिसकी ओर मीडिया ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। रूस में वैज्ञानिक केंद्र के भ्रमण के दौरान उन्होंने राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन का कंधा थपथपाते हुए कहा, 'यह मेरा मित्र बहुत साहसी है।' इस टिप्पणी का संदर्भ पुतिन के पूर्व में किए गए साहसिक कार्यों से भी हो सकता है, लेकिन इसे यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में भी देखा जा सकता है। पुतिन ने यूक्रेन में सैनिक संगठन नाटो और अमेरिका की खुली चुनौती दी है। मोदी के 'साहसी मित्र' को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन युद्ध अपराधी करार देते हैं। इन हालात में यह स्वाभाविक है कि मोदी की सपल यात्रा को लेकर पश्चिमी देशों की भृकुटी तनी हुई है। अमेरिका के व्हाइट हाउस, विदेश मंत्रालय और पेंटागन ने सधी हुई प्रतिक्रिया व्यक्त की है। लेकिन नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध हाल के वर्षों में व्यापक बने हैं, लेकिन इनकी बुनियाद ज्यादा पुख्ता नहीं है। साथ ही, उन्होंने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता पर भी सवाल खड़ा किया। उनकी टिप्पणियों में भारत के लिए चेतावनी का तेवर था। यह एक संयोग है कि जिस समय मोदी की रूस यात्रा हुई उसी समय वाशिंगटन में सैन्य संगठन नाटो की शिखर वार्ता आयोजित ख्री। इसमें सदस्य देशों तथा जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे अमेरिकी सहयोगियों ने रूस विरोधी रणनीति को अंतिम रूप दिया। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की न अपनी भड़ास निकालते हुए कहा, 'दुर्भाग्यपूर्ण है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का नेता सबसे बड़े अपराधी के साथ गले मिल रहा है।' मोदी की रूस यात्रा का मीडिया कवरेज पूरी दुनिया में बड़े स्तर पर हुआ जो असाधारण है। पश्चिमी देशों के मीडिया ने एक स्वर से मोदी की यात्रा की आलोचना की तथा कहा कि भारत पर भरोसा नहीं किया जा सकता। यूक्रेन के टेलीविजन ने तो भारत को रूस, ईरान, चीन और उत्तर कोरिया के शैतानी गठबंधन का सदस्य करार दिया। पश्चिमी देशों के विश्लेषक ऐसी भाषा का प्रयोग नहीं कर रहे हैं लेकिन वे भी इस यात्रा से क्षुब्ध हैं। पहले से भारत विरोधी रवैया अपनाने वाले गुटों को तो मोदी के खिलाफ विषवमन करने का एक मौका मिल गया है। यह देखने वाली बात होगी।

## जिसको अपनी आत्मा पर विश्वास होता है उसका हृदय अपार ऊर्जा से भर जाता है : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज



**विदिशा ( विश्व परिवार )।** आत्मविश्वास मतलब अपने आप पर भरोसा जिसको अपनी आत्मा पर विश्वास होता है उसका हृदय अपार ऊर्जा से भर जाता है, फिर उसके जीवन में कोई भी कठनाई नहीं रहती उपरोक्त उदगार इन्दौर में चातुर्मास कर रहे संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के शिष्य भावनायोग तथा शंकासमाधान के प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने प्रात:कालीन प्रवचन सभा में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने सेल्फ कान्फीडेंस की चर्चा करते हुये कहा कि यह आत्म विश्वास ही है जो असंभव कार्य को भी संभव कर दिखाता है, उन्होंने कहा कि अपने इर्दगिर्द ऐसे लोगों को रखें जिनकी सोच सकारात्मक हो नकारात्मक लोगों से निश्चित दूरी बनाकर रखें। हमारी दृष्टि अपनी आत्मोन्नति की ओर होना चाहिये है, अपने आप पर और अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखो जिसे अपने आप पर विश्वास होता है वह कभी टूटता नहीं, विषमताओं को भी चुनौती के रुप में स्वीकार करता है, मुनि श्री ने कहा कि कार्य के प्रति उत्साह कभी खत्म नहीं होंना चाहिये थोड़ा धैर्य रखो तत्परता के साथ उसकी प्रतीक्षा करो आप अपने लक्ष्य में कामयाब होंगे। मुनि श्री ने कहा कि जब व्यक्ती अपने आपसे टूट जाता है तो उसकी क्षमताऐं कुंठित हो जाती है, यह कार्य कैसे करेंगे यह मेरे से नही होगा इस प्रकार की नकारात्मकता को हटाओ और नकारात्मक लोगों से भी सुरक्षित दूरी बनाकर रखो बड़े लक्ष्य को छोटे छोटे लक्ष्य में बांटकर उन चुनौतियों को स्वीकार करो। देखना वह कार्य भी चुटकी बजाते हो जाऐगा। मुनि श्री ने कहा कि कोई भी कार्य करो वह एकसाथ संपन्न नहीं होता अपने लक्ष्य पर धीरे धीरे आगे बड़िये आप अपने लक्ष्य तक पहुंच छाऐंगे उदाहरण देते हुये कहा कि सम्मेदशिखर की यात्रा करने लक्ष्य वनाया 27 कि. मी. की यात्रा है 9 कि.मी की सीधी खड़ी चढ़ाई 9 कि. मी. की बंदना और 9 कि. मी. का उतार यदी एक साथ सोचोगे तो हिम्मत टूट जाऐगी और यदि थोड़ा थोड़ा लक्ष्य बनाकर आगे बड़ोगे तो आपकी यात्रा का लक्ष्य पूर्ण हो छाऐगा, मुनि श्री ने कहा कि व्यापार में यदि नुकसान हो रहा है, तो घबड़ाईये मत थोड़ा सा धैर्य वनाकर रखें अपने मन की सोच को कमजोर मत होंने दो व्यापार में अपनी गल्तियों से सबक लो और उसकी समीक्षा करो नुकसान एक नसीहत मानकर आगे बड़ोगे तो आप अपने आपको टूटने से बचा ले जाओगे उन्होंने एक सच्ची घटना सुनाते हुये कहा कि एक युवा व्यापार के क्षेत्र में आगे बड़ा और बड़े नुकसान में चला गया तो उसकी हिम्मत टूट गयी और वह डिपरेशन में चला गया उसके पिता मेरे पास आये मेंने उसे मोटीवेट किया उसका आत्मविश्वास लौट आया और आज उसने अपने व्यापार में तीन सौ गुना वृद्धि की। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया प्रतिदिन जंजीर बाला चौराहा चातुर्मास स्थल पर अस्थायी पांडाल जिनालय में प्रात: 7-15 से अभिषेक एवं शांतिधारा मुनि श्री के मुखारविंद से संपन्न हो रही है, तत्पश्चात 8-25 से विशेष प्रवचन की श्रंखला अभय प्रशाल में चल रही है, 9-45 से आहार चर्या एवं सांयकाल6 बजे से आचार्य भक्ती एवं6-15 से विश्वप्रसिद्ध शंकासमाधान कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। धर्म प्रभावना समिति सकल जैन समाज इंदौर आप सभी नागरिकों से निवेदन करती है गुरुदेव के प्रवचनों का लाभ लेकर अपने जीवन को सफल बनाइये। -**अविनाश जैन**

## औरंगाबाद के अरिहंत नगर जैन मंदिर में चातुर्मास कलश स्थापना समारोह सम्पन्न, हजारों भक्त रहे उपस्थित

**सभागृह में विराजे समाधिस्थ गणाचार्य विरागसागर जी महाराज संघ के मुनिश्री विहीतसागर जी महाराज सहित 21 साधु महाराज**



**छत्रपति संभाजीनगर ( विश्व परिवार )।** श्री 1008 युग प्रवर्तक आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर अरिहंतनगर में समाधिस्थ गणाचार्य विरागसागर महाराज के संघ के मुनिश्री विहीतसागर महाराज सहित 21 साधु संतों के चातुर्मास के अवसर पर उनके सानिध्य में 21 जुलाई की सुबह 6.30 बजे अरिहंतनगर जैन मंदिर में आचार्य परमेष्ठी विधान आयोजित किया गया था। बाद में अरिहंतनगर जैन मंदिर से मित्रनगर गार्डन तक चातुर्मास कलश की शोभायात्रा निकाली गई। दोपहर एक से शाम 5 बजे के बीच भव्य चातुर्मास कलश स्थापना व गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुनिश्री गणधर मुनि विवर्धनसागर महाराज ने भक्तों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि संसार में गुरु का महत्व विशेष है। केवल गुरु शब्द कहने से आंखों के सामने ऐसे व्यक्ति की प्रतिमा निर्माण होती है, जो सर्वश्रेष्ठ है। गुरु शब्द में पूरे ब्रह्मांड से भी अधिक शक्ति छुपी हुई है। कारण आत्मा का अनंत ज्ञान व शक्ति का भंडार गुरु के बिना तीनों काल में संभव नहीं। गुरु ने आगे कहा कि गुरु के बिना भोजन नमक न होने के समान है। कार्यक्रम के लिए अरिहंतनगर, बालाजीनगर, सिडको, हडको, मोहनलालनगर, रामनगर, चिंतामणी कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, राजाबाजार सहित लासूर, एलोरा, कचनेर, पैठण, देवगांव रंगारी, नाशिक, मालेगांव, राजस्थान आदि स्थान के हजारों भक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गणाचार्य विरागसागर गुरुदेव वर्षायोग समिती 2024, श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर विश्वस्थ और महिला मंडल ने विशेष परिश्रम किया। महिला मंडल की ओर से गुरुदेव की झांकी प्रस्तुत की गई। धर्मध्वजारोहन पांडे परिवार ने किया। उपस्थित हजारों भक्तो को महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी। अतिथियों की ओर से सभा में दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उसी तरह मुनिश्री विहीतसागर महाराज ससंघ के चातुर्मास कलश की स्थापना की गई। मुख्य कलश विरागसिंधु कलश का मान पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ। भगवान आदीनाथ कलश संतोष अजमेरा अरिहंत नगर जैन मंदिर के अध्यक्ष को प्राप्त हुआ। उसी तरह भगवान महावीर कलश राजस्थान के भक्त को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में पालकमंत्री सांसद संदीपान भूमरे, उपमहापौर राजू शिंदे, दामूअण्णा शिंदे आदि उपस्थित थे। भूमरे ने आचार्य विरागसागर महाराज के समाधि स्थल को सुशोभित करने के लिए जितनी भी निधि की आवश्यकता होगी, उसके लिए मदद करने का आश्वासन दिया।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने...पेज-01 का शेष

3 से 7 लाख रुपए तक की आय पर 5 प्रतिशत, 7 से 10 लाख रुपए तक की आय पर 10 प्रतिशत, 10 से 12 लाख रुपए तक की आय पर 15 प्रतिशत, 12 से 15 लाख रुपए तक की आय पर 20 प्रतिशत और 15 लाख रुपए से अधिक की आय पर 30 प्रतिशत टैक्स लगेगा। टैक्स में हुए इस बदलाव के बाद नौकरीपेशा लोग आसानी से 17,500 रुपये की टैक्स की बचत कर पाएंगे। पहले नई टैक्स रिजीम के तहत 0 से 3 लाख रुपए तक की आय पर शून्य टैक्स था। 3 से 6 लाख रुपए तक की आय पर 5 प्रतिशत, 6 से 9 लाख रुपए तक की आय पर 10 प्रतिशत, 9 से 12 लाख रुपए तक की आय पर 15 प्रतिशत, 12 से 15 लाख रुपए तक की आय पर 20 प्रतिशत और 15 लाख रुपए से अधिक की आय पर 30 प्रतिशत टैक्स था।

**रक्षा मंत्रालय के लिए किया 6,21,940 करोड़ रूपए का आवंटन :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में आम बजट पेश किया। इस आम बजट में कई बड़े ऐलान के साथ तमाम मंत्रालयों के लिए धन का आवंटन किया गया है। इसी कड़ी में राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय को आवंटित बजट के लिए मोदी सरकार का आभार जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जहां तक रक्षा मंत्रालय के आवंटन का सवाल है, मैं 6,21,940.85 करोड़ रुपये का उच्चतम आवंटन देने के लिए वित्त मंत्री को धन्यवाद देता हूं, जो वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत सरकार के कुल बजट का 12.9 प्रतिशत है। 1,72,000 करोड़ रुपये का पूंजीगत परिव्यय सशस्त्र बलों की क्षमताओं को और मजबूत करेगा। घरेलू पूंजीगत खरीद के लिए 1,05,518.43 करोड़ रुपये निर्धारित करने से आत्मनिर्भरता को और गति मिलेगी।

**बिहार को दी खास सौगात :** वित्त मंत्री सीतारमण ने बिहार में 26,000 करोड़ के हाईवे बनाने की घोषणा की. केंद्र सरकार ने गंगा नदी पर दो नए पुल बनाने की घोषणा की है. बिहार के जिन जगहों में मेडिकल कॉलेज नहीं है, वहां केंद्र सरकार ने नए मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रावधान किया है. जहां एयरपोर्ट नहीं है, वहां पर एयरपोर्ट बनाने के लिए बिहार सरकार से प्रस्ताव मांगा गया है. 2 लाख 66 हजार करोड़ ग्रामीण विकास विभाग को केंद्र सरकार ने दिया है, पीरपैंती में 2,400 मेगावाट का पावर प्लांट बनाने की घोषणा की गई है. इससे बिहार में बिजली संकट दूर हो जाएगा. पूर्णिया से पटना सिक्स लेन हाईवे बनाने की घोषणा होनी चाहिए.

**आंध्र प्रदेश को मिला स्पेशल आर्थिक पैकेज :** वित्त मंत्री ने बजट में आंध्र प्रदेश के लिए बजट में ऐलान करते हुए कहा कि 'सरकार का आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए समन्वित प्रयास किया। बहुपक्षीय विकास एजेंसियों के माध्यम से आंध्र प्रदेश को वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करेंगे। चालू वित्त वर्ष में 15 हजार करोड़ और आगामी वर्षों में अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। पोलावरम सिंचाई परियोजना को जल्दी पूरा कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध।

**छात्रों के लिए बड़ा ऐलान :** सरकार देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के लिए आर्थिक मदद देगी। शिक्षा ऋण पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'सरकार घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

**रोजगार और स्किल पर 2 लाख करोड़ खर्च करेगी सरकार :** वित्त मंत्री ने रोजगार पर बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत है। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस रोजगार बढ़ाने पर हैं। बजट में गरीब, महिला, युवा और किसान पर जोर है। सरकार सबका साथ, सबका विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस बार बजट में युवाओं के लिए रोजगार और स्किल डेवलपमेंट के लिए 2 लाख करोड़ रुपये आवंटित किया गया है।

**अगले 5 साल तक जारी रहेगी पीएम गरीब कल्याण योजना :** वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार का फोकस गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता पर रहेगा। हमने पीएम गरीब कल्याण योजना को 5 साल के लिए बढ़ाया। इससे 80 करोड़ से अधिक गरीबों को लाभ हो रहा। रोजगार, कौशल प्रशिक्षण के लिए पीएम की 5 योजनाओं के पैकेज की घोषणा। इससे 5 साल में 4 करोड़ 10 लाख युवाओं को लाभ होगा। इन योजनाओं पर दो लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

**1 करोड़ युवाओं को 500 टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका :** वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू करेगी। इसमें 5000 रुपए प्रति माह इंटर्नशिप भत्ता और 6000 रुपए की एकमुश्त सहायता दी जाएगी।

**पीएम मुद्रा लोन योजना की राशि भी हुई दोगुनी :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पीएम मुद्रा लोन योजना के तहत मिलने वाली राशि को बढ़ाने का ऐलान किया है। पीएम मुद्रा लोन योजना के तहत अब 20 लाख तक के लोन दिए जाएंगे।

**बजट में कृषि पर विशेष फोकस :** बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री ने किसानों पर विशेष फोकस किया है। वित्त मंत्री ने देश के 400 जिलों में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) का उपयोग करते हुए खरीफ फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों में जनसमर्थन आधारित किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही झींगा के लिए केंद्रीयकृत प्रजनन केंद्रों का नेटवर्क स्थापित करने हेतु वित्तीय सहयोग उपलब्ध करने का भी ऐलान किया है। वहीं, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वृद्धि और रोजगार सृजन में तेजी लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सहयोग नीति तैयार करने की घोषणा की। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट में नौ प्राथमिकताएं निर्धारित की हैं।

## विनम्रता जीवन का अनमोल गहना है इसे सहेज कर रखें : साध्वी सुमंगल प्रभा जी




**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** जय आनंद मधुकर रतन भवन बांदा तालाब दुर्ग में आध्यात्मिक वर्षावास में धर्म सभा को संबोधित करते हुए मधुकर मनोहर शिष्या साध्वी श्री सुमंगल प्रभा ने कहा आचार्य सम्राट जयमल जी महाराज द्वारा रचित बड़ी साधु वंदना भक्ति रस की एक अमर रचना है इसका पहला शब्द नमु यानी नमन प्रणाम होता है जिनके जीवन में विनय है वह विनम्रता से वह सभी को जीत लेता है विनम्रता जीवन का अनमोल गहना है सभी धर्म का मूल ही विनय है जिससे हम धर्म मानते हैं उसमें विनय का होना अत्यंत आवश्यक है जिस धर्म में विनय नहीं है वह धर्म धर्म ही नहीं है विनय से विनम्रता आती है और यही विनम्रता हमारे मोक्ष के द्वारा को खोलती है।

गुरु मधुकर मनोहर शिष्य डॉक्टर सुमंगल प्रभा ने जय आनंद मधुकर रतन भवन की धर्म सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा हम सभी के जीवन में आज विनय का बहुत ही अभाव है अनुशासन में जीवन हमेशा सद्गति की ओर ले जाता है अनुशासनहीनता का आज सभी जगह बोल वाला है आज व्यक्ति का रहन-सहन खान-पान आचार विचार सब कुछ भौतिकता की चकाचौंध में परिवर्तित हो गया है और यही हमारे विनाश का कारण बन रहा है।

साध्वी सुवृद्धि श्री एवं साध्वी रजत प्रभा ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए सुख-दुख के विषय पर सारगर्भित चर्चा की साध्वी श्री ने कहा अपने-अपने कर्मों के हिसाब से जीवन में सुख दुख का आना जाना चलता रहता है जो जीवन के अंतिम क्षण तक चलता है हमारा हमेशा ऐसा प्रयास होना चाहिए कि हम हमेशा सदका कार्य की ओर लग रहे हमारा देश हमेशा सकारात्मक की ओर बने रहना चाहिए हम अपने जीवन के उत्थान के लिए सदा सब कार्य करना चाहिए हमारी सोच भी कभी ऐसी ना हो कि दूसरे का नुकसान हो सकारात्मकता जीवन को नई दिशा ओर दशा देता है। आध्यात्मिक वर्षावास 2024 में जय आनंद मधुकर रतन भवन में त्याग और तपस्या का दौर चातुर्मास लगने के साथ हीप्रारंभ हो गया है श्रीमती सरला छत्तीसगढ़ बोहरा ने आज छह उपवास के संकल्प लिए इसी तरह श्री अरिहंत लेखा संचेती एवं श्रीमती नमिता संचेती ने चार उपवास का संकल्प लिया एकासना, आयंबिल की तपस्या भी गतिमान है प्रतिदिन 11 घंटे के नवकार महामंत्र का जाप अनुष्ठान भी आध्यात्मिक वातावरण में हर्ष और उल्लास के साथ चल रहा है। -**नवीन संचेती**

## आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 : पारदर्शिता के साथ सरल जीवन जियोगे तो मोक्ष का रास्ता आसान बन जाएगा : श्री विरागमुनि जी महाराज



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 के चौथे दिन मंगलवार को दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनि जी ने कहा कि आज लोगों को कश्मीर देखने का मन है, स्विटजरलैंड घूमने जाना है, परंतु आपको वहां भी सुख नहीं मिलेगा। आप चार दिन वहां गुजारोगे तो फिर आपका मन घर वापसी को लगा रहेगा। वैसे भी यह जीवन हमें ठहरने के लिए मिला है, घूमने के लिए नहीं। आज धर्मशालाओं को 5 स्टार होटल के रूप में विकसित किया जा रहा है, यह गलत है। हमें मोक्ष प्राप्त करना है और मोक्ष प्राप्त करने के लिए हमें किसी कठिन रास्ते से नहीं बल्कि सरलता के रास्ते पर चलना है।

उन्होंने आगे कहा कि पारदर्शिता के साथ सरल जीवन जियोगे तो मोक्ष का रास्ता आसान हो जाएगा। लोग आज दोहरा जीवन जीने लगे है। अपने सुख के लिए बहुत सारा धन खर्च करते है और गरीबों से मोलभाव करते है। लोग टीवी पर दूसरों की बहन-बेटियों को नाचते हुए देखते है और खुद की पत्नी को अगर कोई देख ले तो उनसे यह बर्दाश्त नहीं होता। यही दोहरा चरित्र है, अंदर से कुछ और बाहर से कुछ और। आप आज इसे छोड़ नहीं पा रहे हो, यह ठीक नहीं है। अगर आप भगवान की आज्ञा नहीं मानोगे तो इस संसार की परिक्रमा करते रह जाओगे।

उन्होंने एक प्रसंग के माध्यम से बताया कि एक श्रावक के बेटे की नई-नई शादी हुई थी। घर में बहु आई और घर के कामों में हाथ बटाने लग गई। समय बीतता गया और कुछ दिनों बाद बहु का काम में मन न लगता था। सास ने बोला क्या बात है बहु आजकल बुझी-बुझी सी रहती हो, ठीक से सोती नहीं हो क्या। यह बात उनकी बेटी ने सुन ली और मां को बताया कि भैया आज-कल शराब पीने लग गए है और बहुत देर रात घर आते है और इसलिए भाभी उनकी राह देखते हुए खुद भी जागती रहती है, इसके चलते उनकी नींद पूरी नहीं होती है। सास ने बहु से कहा अगर ऐसी बात है तो तुमने मुझे बताया क्यों नहीं। तुम आज अपना काम कर समय से सो जाना आज दरवाजा मैं खोलूंगी। अगले दिन ठीक वैसा ही होता है, बहु सो जाती है और सास बेटे के आने का इंतजार करती है। रात को 12-1 बजे बेटा आता है और दरवाजा खटखटा है, दरवाजे के उस पार से बुलंद आवाज में मां कहती है कौन है। इतने में ही बेटे का पूरा नशा उतर जाता है और मां कहती है यह श्रावक का घर है और यह दरवाजा 9 बजे बंद हो जाता है फिर किसी के लिए नहीं खुलता अब तुम यहां से जाओ जो दरवाजा खुला मिले वहां चले जाओ। उतने में बेटा घर से दूर जाने लगता है और उसे एक खुला दरवाजा दिखाई देता है, वह उसके पास जाता है। वह दरवाजा किसी घर का नहीं होता वह एक उपाश्रय होता है। कुछ देर श्रावकों की बात सुनकर उसका मन बदल जाता है और वह अब कभी घर नहीं जाता, अब उपाश्रय में ही गुरू की छत्रछाया में रहने लगता है और आध्यात्म जीवन को अपना लेता है। अब आप ही सोचिए, जिनवाणी के केवल कुछ शब्दों को सुनने मात्र से जीवन में कितना बदलाव आ सकता है, इसलिए हम सभी को हर उस अवसर का लाभ लेना जब जिनवाणी का श्रवण करने का मौका मिल जाए।

## धैर्य के साथ आगे बढ़ना ही सबसे बड़ी तपस्या है : अर्हम योग प्रणेता मुनि श्री प्रणम्यसागर जी महाराज

### मीरा मार्ग के श्री आदिनाथ भवन में धर्म सभा में उमड़े श्रद्धालु

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** साधुओं के साथ श्रावकों के लिए वर्षा योग बडा महत्वपूर्ण होता है। चातुर्मास की सबसे बडी उपलब्धि ज्ञान का प्रकाश हमारी आत्मा पर पडता रहे।

अहिंसा धर्म की स्थापना करने के लिए साधु को चार माह एक स्थान पर रुकना पडता है। ये विचार अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने मीरा मार्ग के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन भवन पर मंगलवार 23 जुलाई को आयोजित चातुर्मासिक धर्म सभा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जीवन में वीजन होना चाहिए। बिना वीजन के जीवन जीने का कोई मतलब नहीं है।मानव में छिपी हुई शक्ति होती है। उसका सदुपयोग करना चाहिए।



तीर्थंकरों ने हमें राह दिखाई है लेकिन उस राह का पालन करना हमारा कर्तव्य है। जल्दबाजी में कुछ नहीं मिलता है। धैर्य के साथ ही आप सब कुछ पा सकते हैं धैर्य की कमी होने पर कुछ भी अच्छा नही लगता है। धैर्य के साथ आगे बढ़ना ही सबसे बड़ी तपस्या है धैर्य के साथ स्पीड मेंटेन करना ही जीवन मे सुख शांति समृद्धि का प्रतीक है। भगवान महावीर स्वामी ने निरंतर चलते रहने को ही तप कहा है जो करना वह निरंतर तथा प्रतिदिन करना है। धैर्य के साथ चार महीने निरंतर रहकर अपने जीवन का कल्याण करना है। नगर की सीमा बनानी है तथा रात्रि में भोजन नहीं करना है। पुराना आचार मुरब्बा नही खाना चाहिए। प्रतिदिन प्रवचन सुनने धर्म सभा में आना ही है।

इस मौके पर समाजश्रेष्ठी उत्तम चन्द पाटनी, श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के कार्याध्यक्ष प्रमोद पहाड़िया, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, नरेन्द्र जैन दर्शन बाकलीवाल, शीतल कटारिया एवं अजीत तोतूका ने आचार्य विद्यासागर एवं आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का अनावरण एवं भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। तत्पश्चात सभी ने मुनि श्री के पाद पक्षालन कर पुण्यार्जन किया। -**विनोद जैन**

## विद्यार्थियों को एक्सपेरिमेंट के माध्यम से भौतिकी का करायें अध्यापन : सीईओ अभिषेक कुमार

### संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में भौतिकी की कार्यशाला सम्पन्न



**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर डॉ रवि मित्तल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत भौतिकी की एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आज जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर के निर्देशन में संपन्न हुई।

जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक कुमार ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि भौतिकी के अध्यापन दौरान विद्यार्थियों को एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग करायें। लैब के अतिरिक्त भी हमें छोटी-छोटी वस्तुएं जो आसानी से उपलब्ध होती हैं। उनके इस्तेमाल से बच्चों को कॉन्सेप्ट समझाएं। श्यानता, आवर्तकाल के लिए उन्होंने कुछ उदाहरण भी बताएं। प्रशिक्षार्थी शिक्षकों से उन्होंने बच्चों की कक्षा में पढ़ने में रुचि कैसे बढ़ाएं ?, बच्चों से इंटरेक्शन कैसे बढे ? इस पर भी बात की। शिक्षकों को मोटिवेट करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि संसाधनो की कमी और चुनौतियों के बावजूद भी अपनी आत्म संतुष्टि के लिए सफलतापूर्वक कार्य संपादित करने का कोई एक कारण आप स्वयं ढूंढ सकते हैं। लर्निंग के लिए यूट्यूब पर उपलब्ध फॉरेन कंटेंट्स की सहायता लेने की भी उन्होंने बात कही।

एसडीएम प्रशांत कुशवाहा ने प्रशिक्षार्थियों को अध्यापन के लिए बच्चों के सामने प्रैक्टिकल करने को कहा। इसके लिए विद्यालय में ही उपलब्ध सामग्रियों की सहायता ली जा सकती है। उन्होंने पदार्थ की अवस्था परिवर्तन, ऊर्जा स्थानांतरण, शीतलन का नियम, श्यानता, उत्प्लावन बल पर विषय शिक्षकों से बात की। इसे सरलता से विद्यार्थियों को कैसे समझाया जाए ?, यह बताया। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी और संकल्प प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता हर दिन विषय शिक्षकों को बेहतर परीक्षा परिणाम और इफेक्टिव लर्निंग के विषय में गाइड करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी जशपुर जिले के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों की उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित कराई जा रही है।

## श्रमण संस्कृति के इतिहास में प्रथम बार एक ही परिवार के 3 पीढी के 3 दिगंबर संत (पुत्र, पिता और दादा) एक साथ कर रहे बड़ौत में चातुर्मास

### आचार्य श्री विमर्श सागर जी महाराज के हैं शिष्य




**बड़ौत ( विश्व परिवार )।** वास्तव मे अविश्वसनीय। आज के कलयुग मे जहाँ प्रत्येक व्यक्ति सांसारिक झमेलो मे उलझा हुआ है।वहीं कोलारस शिवपुरी मध्य प्रदेश के मुनि विशुभ्र सागर (सांसारिक नाम सागर जैन) का पूरा परिवार ही आचार्य विमर्श सागर जी महाराज की चर्या से प्रभावित होकर संयम के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

मुनि विशुभ्र सागर महाराज के नगर कोलारस मे वर्ष 2013 मे आचार्य श्री विमर्श सागर जी महाराज, 3 दिन के लिए पधारे थे, तभी से पूरे परिवार मे संयम के अंकुर फूट गए। 1 जनवरी 2017 को देवेंद्र नगर मध्य प्रदेश मे मुनि विशुभ्र सागर महाराज ने 20 वर्ष की आयु मे दीक्षा ली। उसी दिन उनकी माताजी विजया कुमारी(वर्तमान आर्यिका विनयांत श्री माताजी) ने भी जिन दीक्षा ग्रहन की। 16 नवम्बर 2017 को जबलपुर मे मुनि विशुभ्र सागर के पिता अरविंद जैन (वर्तमान मुनि श्री विश्वार्क सागर) ने 47 वर्ष की आयु मे और मुनि विशुभ्र सागर जी के दादाजी शंकर लाल जैन(वर्तमान मुनि श्री विश्वांक सागर) ने 72 वर्ष की आयु मे मुनि दीक्षा ग्रहन की। मुनि श्री विशुभ्र सागर जी महाराज की सांसारिक बहन गुंजन दीदी उम्र 29 वर्ष और रिया दीदी उम्र 25 वर्ष भी वर्तमान मे गुरु संघ मे ब्रहमचारिणी दीदी के रूप मे हैं और 15 नवम्बर 2024 को वे भी आर्यिका दीक्षा ग्रहन करेंगी।

मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि इस प्रकार मुनि श्री विशुभ्र सागर, उनके सांसारिक पिता(मुनि विश्वार्क सागर), उनके सांसारिक दादाजी (मुनि विश्वांक सागर) एक साथ प्रथम बार बड़ौत के श्री अजितनाथ दिगंबर जैन मन्दिर, मंडी बड़ौत मे आचार्य श्री विमर्श सागर जी महाराज के आज्ञा अनुसार चातुर्मास कर रहे हैं।इस प्रकार पहली बार इस तरह का संयोग देखने को मिल रहा है।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक **विश्व परिवार**

बस्तर संभाग

रायपुर बुधवार 24 जुलाई 2024



## संक्षिप्त समाचार

### करेंट की चपेट में आकर दो युवकों की मौत

**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी जिले में कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम परखंदा में कुँए में लगे टुल्लू पंम्प को निकालने नीचे उतरे एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई वहीं उसे बचाने के लिए उतरा दूसरा युवक भी चपेट में आ गया और उसकी भी दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम परखंदा में एक बाड़ी में सुखा कुआं है जिसमें उसमें टुल्लू पंप लगा हुआ था। कुआँ सूख जाने के चलते गांव का ही लोकेश पटेल पिता नरेश पटेल उम्र 33 वर्ष पंप को निकालने के लिए रस्सी के सहारे से कुंए में उतरा और मोटर को निकालने लगा। इसी दौरान मोटर में करंट फैल गया। जिसकी चपेट में आकर लोकेश छटपटाने लगा। इसी दौरान पास में मौजूद दीनदयाल दीवान पिता प्रसाद दीवान उम्र 32 वर्ष नामक युवक उसे छटपटाते देख उसकी मदद करने की नीयत से कुएं में उतरकर उसे छुड़ाने की कोशिश करने लगा और वह भी करंट की चपेट में आ गया। और देखते ही देखते दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह पांच बजे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि, टुल्लू पम्प का स्विच बंद था लेकिन अर्थिंग तार में करंट सप्लाई होने के कारण यह हादसा हो गया। मामले में कुरूद पुलिस दोनों के शवों का पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्यवाही कर रही है।

### शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** सावन माह प्रथम दिवस सोमवार 22 जुलाई 2024 को शहर के सभी शिवालयों में बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गई । भक्तों द्वारा भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक , दुग्धाभिषेक , बेलपत्र , कनेर , फुड़हर धतूरा पुष्प श्रीफल आदि भेंट कर कपूर दीप से आरती किये है । रानी मंदिर समिति छुईखदान के संरक्षक लतारानी लाल जे के वैष्णव ने जानकारी दी कि सावन माह 2024 में पांच सोमवार पड़ने पर भोलेशंकर की पूजा होगी । पं प्रदीप मिश्रा जी के जून 2024 में गंडई में शिव महापुराण कथा से भक्तों बच्चों द्वारा बड़ी संख्या में श्री शिवाय नमस्तुभ्यं पाठ से मंदिर परिसर गुंजित रहा है । सावन माह प्रथम दिवस सोमवार को अच्छी बारिश में भक्त गण भोलेनाथ की पूजा प्रसन्नता से किए। प्रतिवर्ष अनुसार महिला रामायण मंडली बाईसाहब मंदिर एवं बजरंग रामायण मंडली जस समिति छुईखदान द्वारा सभी मंदिरों में जाकर भजन कीर्तन किया जाता है । शिवालयों सहित शहर में भक्त जन द्वारा ऊं नमः शिवाय , हर हर महादेव की भक्ति भाव से गूंजित रहा। भक्त जनों द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंगों की कथा , महामृत्युंजय मंत्र जाप , श्री शिव चालीसा पाठ एवं शिव तांडव स्तोत्र पाठ किया जाता है ।

### जेल प्रहरी की हत्या के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**जगलदपुर(विश्व परिवार)।** जिले के नगरनार थानाक्षेत्र के मारकेल में जेल प्रहरी की हत्या मामले में बस्तर पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि 15 जुलाई की सुबह नगरनार थाना क्षेत्र के मारकेल गांव में केंद्रीय जेल जगदलपुर के जेल प्रहरी इनोस बक्श का शव संदिग्ध हालत में मिला था। पहले पुलिस इसे दुर्घटना मान रही थी किंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद में मामला हत्या का निकला। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपी सुरेश बघेल, साधुराम नाग और कामेश्वर बघेल को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि हत्या की रात तीनों आरोपी और जेल प्रहरी इनोस बक्श ने मिलकर शराब पी। इस दौरान आरोपियों और जेल प्रहरी के बीच एक अश्लील वीडियो को लेकर बहस हो गई। वीडियो को डिलीट करने को लेकर आरोपियों ने जेल प्रहरी इनोस बक्श के साथ जमकर मारपीट की और अधमरी हालत में इनोस बक्श को सडक़ किनारे छोडक़र मौके से फरार हो गए थे। जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। और पता चलने के बाद आरोपियों को मुंबई, तिरुपति और कोंटा चले गये थे। इस दौरान पुलिस को आरोपियों के कोंटा में छिपे होने की सूचना मिलने पर आरोपियों को कोंटा से गिरफ्तार किया गया है।

### जनदर्शन में मिले 61 आवेदन

**धमतरी(विश्व परिवार)।** शासन की मंशानुरूप आमजनों की समस्या, शिकायत और मांगों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन हर सोमवार को किया जाता है। आज आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिले के वनांचल एवं दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्या, शिकायत और मांगों को गंभीरता से सुना और संवेदनशीलता से उन पर कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आज आयोजित जनदर्शन में प्रमुख रूप से भूमि आबंटिन कराने, मनरेगा कार्य की मजदूरी दिलाने, ग्राम पंचायत अलग कराने, टीसी निकलवाने, आवास स्वीकृत करने, अवैध कब्जा हटाने, पट्टा प्रदाय कराने, स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ दिलाने, फसल क्षतिपूर्ति दिलाने, शिक्षक को यथावत् रखने, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने सहित दिव्यांगता पेंशन और श्रम

# कलेक्टर ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण अनुपस्थित शिक्षकों का लिया संज्ञान

## भृत्य को सस्पेंड करने के दिए निर्देश

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने शिक्षा सप्ताह के पहले दिन सोमवार को बस्तर विकासखंड के प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला बोड़नपाल-1 एवं पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला पल्ली चकवा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बोड़नपाल स्कूल से लम्बे समय से अनुपस्थित शिक्षकों का उपस्थिति पंजीयन देखकर आंकलन किया। साथ ही स्कूल में छात्रों की दर्ज संख्या का अवलोकन कर संबंधित सीएससी को दर्ज संख्या के विपरीत छात्रों की उपस्थिति कम होने पर नाराजगी जताई।



उन्होंने स्कूल में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के लिए निर्देशित किए, संबंधित सीएससी द्वारा बच्चों की कम उपस्थिति के लिए सही वजह नहीं बताने और उनके द्वारा बच्चों को स्कूल तक लाने हेतु कोई कार्यवाही नहीं करने हेतु स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा सप्ताह के पहले दिन टीएलएम दिवस में स्थानीय सामग्रियों का उपयोग कर विज्ञान विषय को रोचक बनाकर बच्चों को ज्ञान देने की कक्षा का भी अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे ने स्कूली बच्चों के साथ मध्याह्न भोजन कर खाने की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला पल्ली चकवा का भी निरीक्षण किया। जहां पर समय से पूर्व मध्याह्न भोजन करवाने और स्कूल में बच्चों की कम उपस्थिति के लिए प्रधान अध्यापक पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

### सावन की पहली बारिश में ही कई गांव का संपर्क जिला मुख्यालय से टूटा

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** रविवार शाम श्रावण मास प्रारंभ हो चुका है और श्रावण मास के पहले से ही क्षेत्र में रुकरुक हो रही तेज बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है,वही सोमवार के सुबह से जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर ग्राम नांगाबुडा का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है।ज्ञात हो कि ग्राम नांगाबुडा से लगे छै मासी नाला के रपटा के ऊपर दो से तीन फीट पानी का बहाव चल रहा है जिससे उस और पड़ने वाले ग्राम का संपर्क टूट गया है ,क्योंकि नांगाबुडा से आगे बारुका और सम्बलपुर ग्राम के समीप दो नाले है उनमे भी दो से तीन फीट पानी भरा है,वही कस ग्राम और चिखली ग्राम के साथ घुटकुनवापारा नाले में भी पानी चलने के कारण उस ग्राम के लोगो का संपर्क जिला मुख्यालय से विक्षेद हो गया है।इस बात की जानकारी होते ही जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन लोगो से नाले या नदी को पार नही करने और उससे दूर रहने की अपील करते हुए छोटे छोटे बच्चो को नदी नाले से दूर रखने की अपील कर रहे है।

## बैजनाथ धाम जाने वाले कांवरियों का नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने स्वागत किया

**रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** नगर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के द्वारा बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावरियों की सेवा कार्य का शुभारंभ कांवरिया सेवा समिति के संयोजक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नगर वासियों के द्वारा शनिवार को भगवान शंकर की पूजा अर्चना और कांवरियों के सेवा संकल्प के साथ किया। गौरतलब है कि विगत वर्षों की भांति इस बार भी श्रावण मास में नगरवासियों के द्वारा सामूहिक जन सहयोग से पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावरियों की रूकने एवं जलपान की व्यवस्था की गई है। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचने वाले कावड़ यात्रि बाबा बैजनाथ धाम जाने के दौरान रामानुजगंज रुके थे जिन्होंने सेवा कार्य की जमकर सराहना की थी। शनिवार को श्रावण मास के शुभारंभ के अवसर पर सेवा कार्य का भी शुभारंभ भगवान शंकर की पूजा अर्चना के साथ किया गया। श्रावण मास में सेवा कार्य को लेकर नगरवासीयो में उत्साह देखते बन रहा है। सेवा कार्य को लेकर कई दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयारी पूरे नगर वासियों के द्वारा की जारी थी। 300 से अधिक रुक सकते हैं यहां पंडित दीनदयाल मांगलिक भवन में एक बड़ा हाल एवं 10 छोटे कमरे हैं जिसमें करीब 300 से अधिक लोग एक साथ रुक सकते हैं 300 से अधिक लोगों को रोकने के लिए 24 घंटे यहां व्यवस्था बनाई गई है। 24 घंटे चालू रहेगा रसोई पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में कावड़ यात्रियों को रोकने की जहां व्यवस्था की गई है वही यहां पर 24 घंटे कांवर यात्रियों के लिए जलपान की व्यवस्था रहेगी यहां की रसोई 24 घंटे चालू रहेगी यहां तक की कावर यात्रियों की सेवा के लिए 24 घंटे नगर वासी तैनात रहेंगे। ऐसे पहुंच सकते हैं पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन रामानुजगंज नगर पंचायत सीमा में पहुंचने के बाद अग्रसेन चौक से करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर छत्तीसगढ झारखंड मुख्य मार्ग पर भारत माता चौक रोड पर नगर के वार्ड क्रमांक 13 में सड़क के किनारे पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन है अग्रसेन चौक से ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन तक सजावट की गई है जिससे कोई भी कांवर यात्री आसानी से यहां तक पहुंच पाएंग।

## शिक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस बच्चों ने सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण कर किया प्रदर्शन

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** नई शिक्षा नीति 2020 के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में संपूर्ण देश में एक सप्ताह का शिक्षा सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत 22 जुलाई से 28 जुलाई 2024 तक शालाओं में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रकाश सर्वे के मार्गदर्शन में जिले के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शिक्षा सप्ताह के तहत 22 जुलाई 2024 को प्रथम दिवस में सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण कर व बच्चों के द्वारा प्रदर्शन किया गया। साथ ही सभी शिक्षकों के मोबाइल में ई-जादुई पिटारा ऐप डाउनलोड किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन के दौरान शालाओं में गणमान्य नागरिक, बच्चों के माता-पिता, पालक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका व मितानिन को भी आमंत्रित किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने इस बारे में जानकारी देते बताया कि जिले में कुल 2336 स्कूलों के 7562 शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में लगभग 98996 विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस मौके पर बच्चों के सहायक शिक्षण सामग्री प्रदर्शन का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत कल मंगलवार 23 जुलाई 2024 को बुनियादी साक्षरता एवं गणितीय कौशल दिवस का आयोजन किया जाएगा, शिक्षा सप्ताह के दौरान चलाए जा रहे सभी गतिविधियों का लगातार निरीक्षण जिला स्तरीय अधिकारियों सहित खंड स्तरीय अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है।

## जिले के स्कूलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुरुपूजन पर्व

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विशेष पहल पर राज्य के समस्त शालाओं में गुरुपूजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार और सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे के मार्गदर्शन में जिले के सभी शालाओं में सोमवार को गुरुपूजन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समस्त शालाओं में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसके तहत सर्वप्रथम प्रातःकाल मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के पश्चात शिक्षक एवं गुरुओं का सम्मान किया गया। इसके साथ ही साथ निबंध प्रतियोगिता, गुरु शिष्य परम्परा पर व्याख्यान जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बताया कि राज्य शासन की मंशानुरूप शाला शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत प्रथम दिवस के लिए निर्धारित विभिन्न गतिविधियों का जिले के सभी शालाओं में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक अखिलेश मिश्रा सहित शिक्षा विभाग के मैदानी अधिकारियों के द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों में विविध गतिविधियों का अवलोकन कर आवश्यक मार्गदर्शन शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रदान किया गया।

## जिले में नकली खाद बीज, कीटनाशक विक्रय रोकने कृषि केन्द्रों का किया जा रहा निरीक्षण

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिलें में बीज,कीटनाशक एवं उर्वरक के अवैध परिवहन, नकली खाद बीज का विक्रय रोकने तथा शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही कृषकों को उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।उप संचालक कृषि चंदन कुमार रॉय के मार्गदर्शन मे सहायक संचालक रमेश कुमार निषाद के द्वारा विकासखण्ड देवभोग के दो प्रतिष्ठान मेसर्स संदीप टेऊडर्स,हरि ओम किसान बीज उत्पाद,विकासखंड मैनपुर के सत्या एग्रो केयर गोहरापदर,विकासखंड फिंगेश्वर ग्राम जामगांव के जय माँ मौली कृषि केन्द्र,पप्पू कृषि केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान विक्रय केन्द्रो के समस्त दस्तावेज,स्कंध पंजी,बिलबुक,अनुज्ञप्ति पत्र एवं प्रतिष्ठान मे विक्रय हेतु उपलब्ध उत्पाद इत्यादि का अवलोकन किया गया।उपरोक्त केन्द्रो मे कीटनाशको एवं उर्वरको का स्कंध संधारण में अनियमितता पाये जाने तथा उर्वरक विर्क्रय में पॉस मशीन के नियमित उपयोग नहीं करने के कारण पॉस एवं भौतिक स्कंध में अंतर पाया गया।इसी क्रम में महेश कुमार पैकरा सहायक संचालक कृषि,द्वारा विकासखण्ड छुरा में चंचल ट्रेडर्स तथा विकासखण्ड मैनपुर के मेसर्स दास ट्रेडर्स ग्राम भूतबेडा का औचक निरीक्षण कर छापामार कार्यवाही की गई।जिसमें निर्धारित तरीके से अभिलेखों का रखरखाव, भंडारण की स्थिति,एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करना पाया गया।जिसके कारण उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 में निहित प्रावधानानुसार 1 उर्वरक अनुज्ञप्ति पत्र 7 दिवस हेतु निलंबन की कार्यवाही किया गया तथा 1 उर्वरक विक्रेता को नोटिस जारी किया गया।साथ ही कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 के तहत् 6 कीटनाशक प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब तलब किया गया है।कृषि विभाग द्वारा कृषकगणों से अपील किया गया है।निर्धारित दर पर अधिकृत विक्रेता से ही बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक का क्रय करें।अनाधिकृत रूप से व्यवसाय अथवा अधिक कीमत पर विक्रय करने पर विभागीय कर्मचारियों को सूचित करे।

# पीएम आवास योजना से सियाबती का पक्का मकान बनाने का सपना हुआ साकार

**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील सरकार ने आवासहीन परिवारों को पक्की छत देने के लिए कृतसंकल्पित है। यह योजना न केवल लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायक है,बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और स्थिर आवास भी प्रदान करती है। मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में गरीब परिवारों को उनका खुद का पक्का मकान मिल रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार की इसी पहल से नारायणपुर जिले के ग्राम पंचायत टीमनार निवासी सियाबती पिता मानकू का पक्का मकान बनाने का सपना साकार हुआ है। सियाबती ने बताया



कि प्रधानमंत्री आवास योजना उनके लिए वरदान साबित हुई है। उन्होंने पुराने दिनों की कठिनाइयों को याद करते हुए बताया कि पहले कच्चे घरौंदे में रहना काफी तकलीफदायक था। मौसम के अनुसार विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता था, कभी छत टपकती थी तो कभी ठंड से रात भर नींद पूरी नहीं होती थी। अब पक्का मकान मिलने से उनकी ये समस्याएं दूर हो गई हैं। प्रधानमंत्री आवास पूर्ण होने से हितग्राही बहुत खुश हैं एवं अपने नवीन आवास में निवासरत हैं। हितग्राही अब स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय एवं उज्वला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन से लाभान्वित है। सियाबती ने जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री आवास योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है, जिससे वें लोग बिना परेशानियों का अपना जीवन व्यतीत कर सकें। आज इस योजना का लाभ सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी मिल रहा है। मुख्यमंत्री साय की सुशासन की सरकार और संवेदनशील सरकार ने इस योजना के माध्यम से कई परिवारों की जिंदगी को बदल दिया है।

### किरंदुल में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए मकानों का किया जा रहा है सर्वे, दिया जाएगा मुआवजा

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** विगत दिवस दंतेवाड़ा जिले में अनवरत वर्षा के चलते किरंदुल पहाड़ी में एनएमडीसी द्वारा निर्मित 11-बी डेम क्षतिग्रस्त हो गया और मलबा और बोल्डर युक्त पानी का सैलाब अचानक निचली बस्तियों में घुस आया। इस अचानक आई बाढ़ से लगभग 100 से 150 मकान को भारी नुकसान पहुंचा। साथ ही चार पहिये और दो पहिये वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये। इसके अलावा कई पालतू पशुओं के बहने की भी सूचना है। यद्यपि जिला प्रशासन ने तत्काल बचाव अभियान शुरू करते हुए लोगों को सुरक्षित स्थान पहुंचाया। इसके अलावा किरंदुल के गाटर पुलिया व सीएससी सेंटर के पास भी बारिश से जलजमाव होने से कोपर टेऊक्टर मशीन के द्वारा रोड की साफ सफाई भी लगातार किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को स्थानीय मंगल भवन में रुकने तथा भोजन आदि की भी व्यवस्था की जा रही है तथा आज ही प्रशासन की टीम द्वारा क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे भी किया जा रहा है। जिसके आधार पर नुकसान का आकलन कर उन्हें मुआवजा दिया जाएगा। इन जगहों पर जिला प्रशासन की टीम लगातार दौरा कर रही है।

## व्यापार समाचार

### इन शहरों में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल वैश्विक बाजार में भी गिरे दाम

**मुंबई( एजेंसी )।** वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव जारी है, इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई. इसके साथ ही देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बदल गईं. हालांकि चारों प्रमुख महानगरों में ईंधन की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं. वैश्विक बाजार में आज डब्ल्यूटीआई क्रूड के दाम 3.25 प्रतिशत यानी 2.69 डॉलर गिरकर 80.13 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए. जबकि ब्रेंट क्रूड की कीमत 2.91 प्रतिशत यानी 2.48 डॉलर कम होकर 82.63 डॉलर प्रति बैरल हो गई. इससे पहले शनिवार को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में गिरावट दर्ज की गई थी. देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल के दाम कम हो गए. दिल्ली से सटे नोएडा-ग्रेटर नोएडा में पेट्रोल-डीजल का भाव 15-18 पैसे कम होकर 94.66 और 87.76 रुपये प्रति लीटर हो गया. आगरा में पेट्रोल-डीजल की कीमत 2-3 पैसे गिरकर 94.37 और 87.41 रुपये लीटर पर आ गई हैं. राजस्थान के नागौर में पेट्रोल-डीजल का भाव 25-24 पैसे गिरकर 105.58 और 90.98 रुपये लीटर पर आ गया है. सीकर में पेट्रोल 99 पैसे सस्ता होकर 105.28 और डीजल 89 पैसे गिरकर 90.72 रुपये लीटर बिक रहा है. मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पेट्रोल-डीजल 18-16 पैसे सस्ता होकर 106.29 और 91.68 रुपये लीटर पर आ गई हैं. वाराणसी में आज पेट्रोल-डीजल 14-15 पैसे महंगा होकर 95.06 और 88.23 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है. लखनऊ में पेट्रोल-डीजल 3-3 पैसे चढ़कर 94.65 और 87.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है. गोरखपुर में भी ईंधन की कीमत 2-3 पैसे चढ़कर 94.89 और 88.04 रुपये लीटर पर पहुंच गई हैं. अलीगढ़ में पेट्रोल-डीजल 7-9 पैसे महंगा होकर 94.77 और 87.87 रुपये लीटर पर पहुंच गया है. रास्थान के अजमेर में पेट्रोल 25 पैसे महंगा होकर 104.77 और डीजल 23 पैसे चढ़कर 90.26 रुपये लीटर पहुंच गया है. मध्य प्रदेश के राजगढ़ में पेट्रोल 70 पैसे महंगा होकर 107.14 और डीजल 64 पैसे चढ़कर 92.46 रुपये लीटर हो गया है. राजधानी दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है. हालांकि चेन्नई में पेट्रोल 23 और डीजल 22 पैसे महंगा हो गया है. दिल्ली में पेट्रोल 94.72 तो डीजल 87.62 रुपये लीटर बिक रहा है. वहीं मुंबई में पेट्रोल-डीजल का भाव 103.44-89.97 रुपये लीटर चल रहा है. उधर कोलकाता में पेट्रोल के दाम 104.95 तो डीजल 91.76 रुपये लीटर बिक रहा है. चेन्नई में पेट्रोल 100.98 और डीजल 92.56 रुपये लीटर हो गया है.

### बीते एक सप्ताह में इतनी बदली सोने चांदी की कीमत, ये हैं नए दाम

**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय सर्राफा बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट देखने को मिली. इस दौरान सोने का भाव 1400 तो चांदी 2700 रुपये से अधिक टूट गई. हालांकि उससे पहले बाजार में दोनों धातुओं की कीमतों में उछाल दर्ज किया गया. अगर बात करें एक सप्ताह में सोने और चांदी की कीमतों के बारे में इस दौरान दोनों धातुओं के दाम कम हुए हैं. पिछले रविवार यानी 14 जुलाई को सोने की कीमत 73,580 रुपये प्रति दस ग्राम थी, जो आज यानी रविवार (21 जुलाई) को 0.33 प्रतिशत यानी 240 रुपये कम होकर 73,340 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गए. जबकि चांदी की कीमत पिछले रविवार के मुकाबले बढ़ गई. बीते रविवार को चांदी का भाव 93,280 रुपये प्रति किग्रा था. जो आज 3.68 प्रतिशत यानी 3430 रुपये टूटकर 89,850 रुपये प्रति किग्रा पर आ गए. पिछले सप्ताह मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर भी सोने और चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई. शुक्रवार को भी बाजार में दोनों धातुओं के दाम कम हो गए. एमसीएक्स पर शुक्रवार को सोने की कीमत 0.04 प्रतिशत यानी 26 रुपये टूटकर 73,016 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गईं. वहीं चांदी क भाव 0.03 प्रतिशत यानी 29 रुपये महंगा होकर 89,675 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ. अगर बात करें विदेशी बाजार यानी यूएस कॉमेक्स की तो यहां भी सोने और चांदी की कीमतें में गिरावट देखने को मिली. यहां सोने का भाव 2.18 प्रतिशत यानी 53.60 डॉलर गिरकर 2,402.80 डॉलर प्रति औंस पर आ गया. जबकि चांदी की कीमत 2.71 प्रतिशत यानी 0.82 डॉलर गिरकर 29.41 डॉलर प्रति औंस हो गई. दिल्ली में 22 कैरेट गोल्ड का भाव 66,990 तो 24 कैरेट सोने की कीमत 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही है. जबकि चांदी का भाव 89,530 रुपये प्रति किग्रा बना हुआ है. मुंबई में 22 कैरेट सोने की कीमत 67,100 तो 24 कैरेट गोल्ड का भाव 73,200 रुपये प्रति दस ग्राम पर कारोबार कर रहा है. जबकि चांदी की कीमत 89,680 रुपये प्रति किग्रा हो गई है. कोलकाता में सोना (22 कैरेट) 67,018 रुपये तो 24 कैरेट गोल्ड 73,110 रुपये प्रति 10 ग्राम बना हुआ है. वहीं चांदी का भाव 89,560 रुपये प्रति किग्रा चल रहा है.

### केन्द्रीय बजट 2024 में रोजगार के नये अवसर: अभीक बरूआ



**मुम्बई:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित बजट मुख्य रूप से रोजगार और कौषल निर्माण जैसे संबंधित मुद्दो पर केन्द्रित रहा है और इससे प्रतिवर्ष 8 मिलियन रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी। मि. अभीक बरूआ चीफ इकोनोमिस्ट, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ने केन्द्रीय बजट 2024 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुऐं कहा कि बजट का मुख्य फोकस रोजगार और कौशल निर्माण जैसे संबंधित मुद्दों पर रहा है। भारत के जनसांख्यिकीय लाभ को भुनाने के लिए सरकार के प्रयास श्रम प्रधान उत्पादन, कौशल विकास पहल, औपचारिक रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में इसके प्रयासों में दिखाई देते हैं। बजट अनुमान के अनुसार इन उपायों से प्रति वर्ष 8 मिलियन रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी - जो कि आर्थिक सर्वेक्षण में निर्धारित रोजगार जरूरतों के अनुरूप है। पहली बार काम करने वालों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के साथ-साथ आयकर स्लैब में बदलाव से डिस्पोजेबल आय में वृद्धि के कारण विशेष रूप से छोटी टिकट वाली वस्तुओं के लिए खपत को बढ़ावा मिलने की संभावना है। बजट का नीति मिश्रण - जिसमें निरंतर पूंजीगत व्यय, रोजगार सृजन, विनिर्माण, कृषि और ग्रामीण विकास के लिए समर्थन शामिल है - भारत की संभावित वृद्धि के लिए सकारात्मक होने की संभावना है।

# ओलंपिक इतिहास में सिर्फ एक बार हुआ ऐसा, जब एक ही इवेंट में दो लोगों को मिल गया गोल्ड



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** ओलंपिक 2024 का आयोजन इस बार फ्रांस की राजधानी पेरिस में किया जा रहा है। ओलंपिक में इस बार दस हजार से ज्यादा एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। वहीं कुल 204 देश ओलंपिक में भाग लेने के लिए तैयार हैं। ओलंपिक की शुरुआत 26 जुलाई से हो रही है। ओलंपिक का इतिहास काफी पुराना रहा है। इसकी शुरुआत 1896 में हुई थी। ओलंपिक खेलों के इतिहास में कई एथलीटों ने अपने देश का नाम रौशन किया है। हर एथलीट की नजरें इस दौरान गोल्ड मेडल पर होती है। इसी बीच क्या आप जानते हैं कि इतने साल के इतिहास में सिर्फ एक बार ऐसा हुआ है जब एक इवेंट में दो खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल दिया गया था। आइए उस खास पल के बारे में जानते हैं जब ओलंपिक में इतिहास रचा गया था। खेलों के महाकुंभ ओलंपिक में एक बार ऐसा हो चुका है जब दो खिलाड़ियों को एक ही इवेंट के लिए गोल्ड मेडल दिया गया था। यह किस्सा टोक्यो ओलंपिक 2020 का है। जह हाई जंप इवेंट में कतर के एथलीट मुताज एसा बार्शिम और इटली के जियानमार्को ताम्बेरी के बीच मुकाबला काफी टक्कर का था। दोनों एथलीट राउंड दर राउंड के बाद भी एक दूसरे से आगे नहीं निकल पा रहे थे। दोनों का स्कोर बराबर पर ही रह रहा था। दोनों खिलाड़ियों का स्कोर बार-बार एक जैसा होने के कारण एक अधिकारी ने उन्हें बताया कि अगला कदम जंप-ऑफ है, ताकि देखा जा सके कि कौन दूसरे से अधिक समय तक टिक सकता है। लेकिन तब ही इस खेल के वर्ल्ड चैंपियन बार्शिम ने अधिकारी से पूछा कि क्या हम दोनों गोल्ड मेडल जीत सकते हैं? बार्शिम ने इस सवाल का जवाब देते हुए अधिकारी ने जवाब दिया कि हां, यह संभव है। इतना सुनते ही दोनों एथलीट खुशी से झूम उठे। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने पोडियम पर जीत हासिल करने के बाद एक-दूसरे से हाथ मिलाया और गले मिले।

## कोच अमोल मजूमदार हर खिलाड़ी की ताकत को अच्छी तरह समझते हैं: स्नेह राणा



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत की ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा ने लंबे प्रारूप में टीम के शानदार प्रदर्शन में उनके योगदान के लिए मुख्य कोच अमोल मजूमदार की सराहना की है। स्नेह राणा ने कहा कि कोच अमोल मजूमदार टीम में जो सकारात्मकता का माहौल लाते हैं, वो अविश्वसनीय है। कोच हर खिलाड़ी को अच्छी तरह से जानते और समझते हैं। अक्टूबर 2023 में, मजूमदार ने भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच का पद संभाला और तब से टीम ने अब तक खेले गए सभी तीन टेस्ट मैच जीते हैं। नवी मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ, मुंबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और हाल ही में चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय महिला टीम ने टेस्ट मैच जीते। स्नेह ने कहा, जब भी हम सर से बात करने जाते हैं, तो उनका खिलाड़ी पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वह एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिनसे आप टीम में कभी भी बात कर सकते हैं। अगर आपको कोई संदेह है, तो आप उनके पास जाकर अपनी बात शेयर कर सकते हैं। वह हर खिलाड़ी की ताकत जानते हैं। उन्हें पता है कि कैसे खिलाड़ियों को प्रेरित कर सकते हैं। वो हर खिलाड़ी को उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद करते हैं। चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की जीत में 10 विकेट लेने वाली स्नेह ने टेस्ट मैचों में भारत की हालिया जीत के पीछे के कारणों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, इस प्रारूप में खेलना एक खिलाड़ी के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण होता है। भारत में बहुत प्रतिभा है।

## सूर्यकुमार यादव को क्यों नहीं मिली वनडे टीम में जगह चीफ सेलेक्टर अगरकर ने बताई पूरी बात



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम अब अपने अगले मिशन के लिए तैयार है। श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया आज रवाना हो गई है। सीरीज के लिए कई युवा और नए खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। खास बात ये है कि सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाया गया है। हालांकि मजे की बात ये भी है कि सूर्या टी20 टीम के तो कप्तान हैं, लेकिन वनडे टीम में तो उन्हें जगह तक नहीं मिली है। श्रीलंका जाने से पहले टीम इंडिया के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने मीडिया से बात की और इस पूरे मामले से पर्दा हटाने का काम किया है। श्रीलंका दौरे पर रवाना होने से पहले मुंबई में चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और नए हेड कोच बने गौतम गंभीर की प्रेस कॉफ्रेंस आयोजित की गई। इसमें जब सूर्या कुमार यादव को लेकर सवाल किया गया तो अजीत अगरकर ने साफ तौर पर बताया कि वनडे में सूर्या कुमार यादव को लेकर ज्यादा चर्चा ही नहीं की गई। उन्होंने कहा कि श्रेयस अय्यर की वनडे टीम में वापसी हो रही है, वहीं केएल राहुल भी वनडे टीम के अहम सदस्य हैं, इसलिए सूर्यकुमार यादव की जगह नहीं बन रही थी, इसीलिए उनके नाम पर चर्चा की जरूरत ही नहीं थी। इतना ही नहीं, लंबे अंतराल के बाद ऋषभ पंत की भी वनडे टीम में वापसी होने जा रही है। यानी सूर्यकुमार यादव अगर टीम में शामिल कर भी लिए जाते तो शायद उन्हें प्लेइंग इलेवन में खेलने का मौका नहीं मिल पाता। यही वजह है कि सूर्या वनडे टीम के तो कप्तान हैं, लेकिन वनडे टीम में उनकी जगह नहीं बन पाई है। सूर्यकुमार यादव ने पिछले कुछ साल में टी20 में जिस तरह की बल्लेबाजी की है, वहां तो उनकी जगह पक्की है। वे लंबे समय तक आईसीसी रैंकिंग में भी नंबर एक बल्लेबाज रहे हैं, हालांकि अब वहां से हट गए हैं।

## बजट में लोकल ट्रेनों के शुरू होने की उम्मीद कोरोना काल में बंद की गई थी ये गाड़ियां



**मुंबई( एजेंसी )।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला और अपना सातवां बजट पेश करेंगी. इस बजट में हर वर्ग को काफी उम्मीदें हैं. दिल्ली-एनसीआर में हर दिन लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लोगों को भी इस बजट में अपनी परेशानी खत्म होने की उम्मीद है. दरअसल, दिल्ली और आसपार के शहरों में चलने वाली दैनिक यात्रा यानी ईएमयू (इलेक्ट्रक मल्टीपल यूनिट) ट्रेनों की संख्या में बढ़ोतरी की आस लगाए बैठे हैं. क्योंकि पलवल और फरीदाबाद के बीच यात्रा करने वाले यात्री पिछले चार साल से बंद पड़ीं 10 ईएमयू ट्रेन चलाने की मांग कर रहे हैं. इन लोगों का कहना है कि इस रूट पर रेलवे को वातानुकूलित ईएमयू ट्रेन सेवा शुरू करनी चाहिए. इसके साथ ही लोगों की मांग है कि रेलवे को बिहार के लिए भी सीधी ट्रेन चलानी चाहिए. बता दें कि मथुरा रूट पर कई लोकक ट्रेनें चलती हैं लेकिन यहां यात्रा करने वालों की संख्या के हिसाब से ट्रेनों की संख्या काफी कम है. क्योंकि इस रूट पर पलवल जिले के होडल, बंचारी, शोलाका, रूंधी, पलवल, असावटी रेलवे स्टेशन के आस-पास के गांव को लोग रोजाना फरीदाबार और दिल्ली आने-जाने के लिए ईएमयू ट्रेन का इस्तेमाल करते हैं. क्योंकि ट्रेन से सफर करना बस के मुकाबले काफी सस्ता है बल्कि ट्रेन से सफर जल्दी भी पूरा हो जाता है. ऐसे में लोग ईएमयू ट्रेन से ही चलना पसंद करते हैं. इसी तरह फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़, न्यू टाउन रेलवे स्टेशन और फरीदाबाद रेलवे स्टेशन से दिल्ली के बीच हजारों की संख्या में लोग हर दिन ईएमयू ट्रेन से यात्रा करते हैं.

## एनएसई प्रमुख ने केंद्रीय बजट 2024 को नौकरियों और स्टार्टअप के लिए 10/10 बताया



बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा कि माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा आज संसद में पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में देश में रोजगार सृजन को बहुत बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है, क्योंकि इसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि सरकारी क्षेत्र के अलावा निजी क्षेत्र भी रोजगार सृजन में भाग ले। साथ ही एंजल टैक्स पर राहत प्रदान करके और मुद्रा ऋण योजना की सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करके भारत को नंबर 1 स्टार्टअप राष्ट्र और उद्यमियों का राष्ट्र बनाने का विजन भी नजर आ रहा है। सरकार ने भारत के श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया है, जिससे कार्यबल में युवा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर देश उनके सहयोग से और तेज गति से आगे बढ़ सकेगा। रोजगार सृजन के एक हिस्से के रूप में कौशल विकास भी उनका एक अनूठा विचार रहा है, जबकि बुनियादी ढांचे के खर्च को बरकरार रखा गया है और राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत की अपेक्षा से 4.9 फीसदी पर कम किया गया है। ये सभी चीजें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कर ढांचे में बहुत अधिक बदलाव किए बिना हासिल की जा रही हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि भारत की दीर्घकालिक क्रेडिट रेटिंग में सुधार होगा और 2025-26 में राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। कुल मिलाकर इस बजट को 10 में से 10 नंबर मिलते हैं!

## केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने मुथुसुब्रमण्यन हरिहरन को कंपनी के कार्यकारी निदेशक और सीईओ के रूप में नियुक्त किया

**नासिक।** कंस्ट्रक्शन और रियल एस्टेट विकास क्षेत्र के एक प्रमुख कंपनी केबीसी ग्लोबल लिमिटेड (जिसे पहले कार्डा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (बीएसई ङ्क 541161) ने कार्यकारी निदेशक और सीईओ के रूप में श्री मुथुसुब्रमण्यन हरिहरन की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है जो 09 जुलाई 2024 से लागु होगी। कंपनी के बॉर्ड ऑफडिरेक्टर्स ने 08 जुलाई 2024 को हुई बैठक में उनकी नियुक्ति की पुष्टि की। वह आगामी आम बैठक की तारीख तक पद पर बने रहेंगे।

श्री मुथुसुब्रमण्यन हरिहरन कंपनी द्वारा निर्धारित वैश्विक व्यापार विकास का नेतृत्व करने और कंपनी की रणनीतिक योजना के निष्पादन और संगठन के दृष्टिकोण, मिशन और रणनीतिक उद्देश्यों को बनाने और कम्यूनिकेट करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

व्यवसाय विस्तार के नए अवसर तलाशने के इरादे से, कंपनी ने मुंबई में मैत्रय बिजनेस पार्क, कॉसमॉस बैंक के सामने, हनुमान रोड, विले पार्ले में कॉर्पोरेट ऑफिस खोला है। 2007 में स्थापित कंपनी ने रियल एस्टेट उद्योग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो भारत के नासिक में रेसिडेन्शियल और रेसिडेन्शियल-कम-ऑफिस प्रोजेक्ट्स के विकास और बिक्री में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी मुख्य रूप से दो सैगमेन्ट्स में काम करती है: रेसिडेन्शियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स का निर्माण और विकास, और कोन्ट्रेक्च्युअल प्रोजेक्ट्स। कंपनी के उल्लेखनीय प्रोजेक्ट्स में हरि गोकुलधाम, हरि नक्षत्र-2, ईस्टेक्स्ट टाउनशिप, हरि संस्कृति 2, हरि सिद्धि और हरि समर्थ आदि शामिल हैं। कंपनी ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में विस्तार के लिए रणनीतिक योजनाओं की भी घोषणा की है। अप्रैल 2024 के महीने में, बॉर्ड ऑफडिरेक्टर्स ने एफसीसीबी के निर्गम के नियमों और शर्तों के अनुसार कुल 60 बॉन्ड्स को इक्विटी शेयरों में बदलने पर विचार किया और मंजूरी दे दी। कंपनी ने महाराष्ट्र के नासिक में अपनी विभिन्न चल रहे प्रोजेक्ट्स में 100 से अधिक रेसिडेन्शियल कम कमर्शियल प्रोजेक्ट्स यूनिट्स का कब्ज़ा सौंप दिया है।

समूह ने अप्रैल 2024 से कुल 109 यूनिट्स का कब्जा सौंप दिया है। इस अवधि के दौरान सौंपे गए कुल यूनिट्स में से, कंपनी ने हरि कुंज मेफ्लावर (रूप्रक्रश्वक्र ऋद्गद्द ठ्ठश: क्क1600020249) प्रोजेक्ट के 76 यूनिट्स का कब्जा सौंप दिया है। यह रेसिडेन्शियल कम कमर्शियल प्रोजेक्ट कर्मयोगी नगर, नासिक, महाराष्ट्र - 422009 में स्थित है। हरि कृष्ण चरण 4 प्रोजेक्ट में, कंपनी ने 19 यूनिट्स सौंपे हैं, जबकि अन्य प्रोजेक्ट्स शेष हैं।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(तृतीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 156200 / निविदा सूचना क्र. 09/ वलेलि / 2024-25, दुर्ग दिनांक 19.07.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 05.08.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम - दुर्ग जिले के विकासखण्ड दुर्ग की समोदा डायवर्सन योजना एवं नहर का जीर्णोद्वार कार्य साथ ही 200 मी. आर. सी. सी. ओपन चैनल, 05 नग व्ही. आर. बी., 05 नग इनलेट एवं 15 नग आउटलेट निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत- रू. 276.22 लाख
(दिनांक 01.08.2010 के एस. ओ. आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 26.07.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G -242501242/5

दैनिक
# विश्व परिवार
## महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, बुधवार 24 जुलाई 2024

### 25 जुलाई को होने वाला जनदर्शन स्थगित

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन इस गुरुवार 25 जुलाई को छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के मद्देनजर नहीं होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### बजट संतुलित एवं सकरात्मक : जितेन्द्र दोशी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) सी.जी. चैप्टर के प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने केन्द्रीय



बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होनें बताया कि बजट संतुलित रहा सभी वर्गो को कुछ न कुछ दिया गया है। आयकर स्लैब में परिवर्तन स्वागत योग्य है। मुद्रा लोन को 10 लाख रूपये से बढ़ाकर 20 लाख रूपये कर दिया गया है। युवाओ को रोजगार एवं स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया गया है। सोने के आयात पर कस्टम डूयटी् को घटाया गया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया गया है। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी योजना शुरू की जायेगी। कुल मिलाकर बजट संतुलित एवं सकरात्मक है।

### बजट से चारों ओर विकास की उम्मीद

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बजट से चारों ओर विकास की उम्मीद है। इनकम टैक्स के नये रिजीम में स्लैब में परिवर्तन कर कुछ छुट देने का प्रयास किया गया है ।अब 750000 तक कोई आयकर नहीं लगेगा, इस परिवर्तन से व्यापारियों को 10000 टैक्स की अतिरिक्त छूट प्राप्त हो रही है तथा स्टैण्डर्ड डिडक्शन में भी परिवर्तन से कुल 17500 की अतिरिक्त छूट कर में कर्मचारियों को प्राप्त हो रही है इसके अलावा अब आयकर के लिए दस वर्षों के स्थान पर छह वर्षों के खातों की जांच हो सकती है जो की स्वागत योग्य निर्णय है। आने वाले छह माह में आयकर का सरलीकरण किया जाएगा।



### मोदी 3 बजट, गरीब, महिला, युवा और किसानों पर केंद्रित : विजय केसरवानी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मोदी 3 सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को गरीब महिला किसान एवं युवा



पर केंद्रित बजट बताते हुए भाजपा नेता विजय केसरवानी ने कहा कि प्रस्तुत बजट में 9 प्राथमिकतायें - कृषि, रोजगार और कौशल, समावेशी सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएँ, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढाँचा नवाचार एवं अगली पीढ़ी के सुधार कार्यक्रम पर फोकस किया गया है। बजट में अन्नदाताओं को सभी प्रमुख फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। साथ ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया है। कुल मिलाकर प्रस्तुत बजट आने वाले स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक विकसित भारत का रोड मैप साबित होगा। जिससे भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में सफलता मिलेगी।

### डॉ. भारती अग्रवाल को मिला साहित्य श्री सम्मान



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 21 जुलाई 2024 को गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर डॉ. भारती अग्रवाल (छत्तीसगढ़ी और हिन्दी भाषा की रचनाकार) को राज्य स्तरीय सामाजिक, साहित्यिक संस्थान वक्ता मंच के दुवारा साहित्य श्री सम्मान से विभूषित किया गया। साथ ही अपनी कविता प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान किया गया कविता के बोल हैं- आसान नहीं राम का रास्ता अपनाना समय समय पर इस तरह के बड़े मंच से सम्मानित किये जाने से कार्य के प्रति लगन निष्ठा और अच्छा लिखने को और प्रस्तुत करने को बढ़ावा मिलता है। डॉ. भारती अग्रवाल ने इस सम्मान के लिए वक्ता मंच का आभार व्यक्त किया है।

### वृहद वृक्षारोपण, एक पेड़ मां के नाम



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शंकर नगर वार्ड 30- आज शंकर नगर वार्ड में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान चलाया गया जिसमे न्यू शांति नगर क्षेत्र, दुर्गा मंदिर क्षेत्र उधानो, मुक्तिधाम में वृहद वृक्षा रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव जी, प्रदेश के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सचिदानन्द उपासने जी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य छगन लाल मूंदड़ा जी, ज़ोन क्रमांक 03 के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू जी, वार्ड पार्षद सुमन राम प्रजापति जी, भाजपा प्रवक्ता सुनील चौधरी जी, भाजपा जिला सह कार्यालय मंत्री अनिल बाघ जी, अ. पि. वर्ग प्रदेश सोशल मीडिया नरेंद्र निर्मलकर जी, मंडल उपाध्यक्ष रामदास मानिकपुरी जी, जिला कार्य स. सदस्य अमित डोये जी, भाजपा नेता शाहिद हुसैन जी, जिला मंत्री कैलाश बेहरा जी, मंडल महामंत्री भाजयुमो खेमा सागर जी, श्रवण मिश्रा जी, राम तांडी जी, आशा साठे जी, संगीता मंडल जी, महेन्द्र धनकर जी, हरीश सिंघनिया जी, चेतन जोशी जी, सुधांशु अग्रवाल जी, लक्ष्मण अग्रवाल जी, प्रकाश अग्रवाल जी, आशु अग्रवाल जी, विनोद नोखवाल जी, यश नोखवाल जी, राजू यादव जी सहित समस्त नागरिक गण उपस्तिथ रहे।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत व विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण : विष्णुदेव साय

## मुख्यमंत्री साय ने की सराहना, कहा- बजट में हर वर्ग का रखा ख्याल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट आज प्रस्तुत हुआ। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी का सांतवां बजट दूरदृष्टि और दृढ निश्चय का बजट है। यह सबका बजट है, सबके लिए, सबके विकास का बजट है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में कृषि और रोजगार पर सबसे अधिक ध्यान देना इसे ऐतिहासिक बनाता है। छत्तीसगढ़ के लिए सबसे विशेष बात यह है कि जहां 1.52 लाख करोड़ रूपये कृषि क्षेत्र के लिए रखे गये हैं, कृषि क्षेत्र का ऐतिहासिक पैकेज देश में एक नयी हरित क्रांति लाकर किसानों को समृद्ध बनायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय उन्नत ग्राम योजना लांच हुई है। इससे जनजाति समाज के 63 हजार गांव और 5 करोड़ लोगों को फायदा मिलेगा। छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों को इससे काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप और इंटर्नशिप के दौरान पांच हजार रूपए महीना देने का प्रावधान रखा गया है। रोजगार कौशल के लिए 2 लाख करोड़ की स्कीम शुरू की जा रही है। इसके साथ ही मुद्रा लोन की रकम 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए की गयी है, जिससे युवाओं को स्टार्ट-अप में मदद मिल सकेगी। इस योजना से छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। वहीं, बजट में घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक का एजुकेशन लोन प्रावधान किया गया है। जिससे शिक्षा व स्किल को नई ऊंचाई मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2.66 लाख करोड़ ग्रामीण विकास के लिए प्रस्तावित कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार गांव, गरीब, किसान और



युवाओं के हित में कल्याणकारी कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि यह बजट मोदी जी के 2047 में भारत को विकसित बनाने का संकल्प सिद्ध करने वाला बजट है। यह बजट एक आदर्श कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को सामने लाता है। भारत को विकसित बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा बजट में कृषि व संबंधित क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है। इससे छत्तीसगढ़ के किसानों को वित्तीय सुरक्षा और कृषि के लिए आवश्यक संसाधन मिलेंगे। इसके अलावा 6 करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर लाई जाएगी जिससे जमीन संबंधी विवादों का जल्द निपटारा हो सकेगा। उन्होंने कहा कृषि में रिसर्च को ट्रांसफॉर्म करना, एक्सपर्ट की निगरानी, और जलवायु के मुताबिक नई वैरायटी को बढ़ावा देने की योजनाएँ छत्तीसगढ़ के किसानों को नई तकनीकों और संसाधनों का लाभ प्रदान करेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा बजट में सरकार द्वारा रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन दिये गए हैं। 1 लाख रुपए से कम सैलेरी होने पर इपीएफओ में पहली बार रजिस्टर करने वाले लोगों को 15 हजार रुपए की मदद तीन किश्तों में मिलेगी। नए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन, विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन, नियोक्ताओं को सहायता दी गयी है। साय ने कहा कि बजट में सैलरीड लोगों को बड़ी राहत मिली है। टैक्स स्लैब में बदलाव लाया गया है, इससे करदाताओं को बचत होगी। उन्होंने कहा बजट में शहरों के क्रिएटिव री-डेवलपमेंट के लिए पॉलिसी लाई जाएगी और पोलावरम सिंचाई परियोजना को पूरा करने की बात कही गई है। इसके अलावा बजट में नवाचार, अनुसंधान और विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## 140 करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं एवं अमृतकाल के सभी संकल्पों को पूर्ण करने वाला बजट : बृजमोहन

### बजट पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल की प्रतिक्रिया




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह बजट, सशक्त, शक्तिशाली, स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का बजट है। इस बजट में युवा, गरीब, महिला, किसान, सभी वर्गों की चिंता की गई है। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से नौजवानों को रोजगार देने के लिए 2 करोड़ नौजवानों को प्रशिक्षित किया जाएगा, 1 साल तक उन्हें 5 हजार रुपए प्रति माह केन्द्र सरकार की ओर से मिलेगा। शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास केलिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है।

1 लाख रुपये से कम सैलरी होने वाले प्रवेशकों को ईपीएफओ में रजिस्टर होने पर केंद्र सरकार से 15,000 रुपये मिलेंगे। इससे 210 लाख युवाओं को लाभ होगा। कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 20 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार आरंभ करने के लिए 7.50 लाख रूपए तक का लोन दिया जाएगा। वहीं 10 लाख तक के शिक्षा ऋण 3 प्रतिशत ब्याज दर की छूट के आधार पर दिया जाएगा।

गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को आगामी 5 साल तक अनाज देने के वादे को निभाया जाएगा। कृषि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए भी लगभग 104 नई किस्मों का ईजाद किया जाएगा और 6 करोड़ किसानों को उनकी जमीनों का मालिकाना हक देने के लिए डिजीटल डॉक्यूमेंट उपलब्ध करवाए जाएंगे। ग्रामीण विकास की दृष्टि से छत्तीसगढ़ को 18 लाख ग्रामीण आवास मिलेंगे। छत्तीसगढ़ के शहरों को 50 हजार प्रधानमंत्री शहरी आवास मिलेंगे। छत्तीसगढ़ को रेल परियोजनाओं में फायदा मिलेगा, राज्य के उद्योगों को स्किल डवपलमेंट व रोजगार की दृष्टि से बहुत बड़ा फायदा मिलने वाला है। पहली बार आम आदमी के लिए किरायों के घर निर्माण की सरकार द्वारा जो सुविधा देगी, वो नि:संदेह हृदय से स्वागत योग्य है। छत्तीसगढ़ राज्य में खनिज बड़ी मात्रा में पाया जाता है. ऐसे में सरकार द्वारा लाई गई नई पॉलिसी के तहत राज्य को बहुत आय प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि यह बजट, आज के परिदृश्य में शहरों के लिए, गांवों के लिए महिलाओं के लिए, नौजवानों के लिए, गरीबों के लिए, किसानों के लिए, यानि सभी वर्गों के विकास का बजट है। इन सभी के जीवन में खुशहाली लाने वाला बजट है। बृजमोहन ने कहा कि मैं इस बजट के माध्यम से सरकारी कर्मचारियों को पेंशन में, इनकम टैक्स की छूट का बढ़ाया गया है. मैं इसके लिए आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी. निर्मला सीतारमण जी, एनडीए सरकार के साथ ही इस देश की जनता, युवा, महिलाएं, किसान और गरीब सभी को बधाई देता हूं। यह बजट भारत को तीव्र गति से विकसित करने वाला बजट होगा।

## बजट-2024 विकासपरक, समावेशी एवं रोजगारोन्मुखी बजट, कृषि एवं ग्रामीण विकास को नई दिशा प्रदान करेगा : डॉ. गिरीश चंदेल



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने आज यहां केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन द्वारा पेश केन्द्रीय बजट 2024 को विकासपरक, समावेशी एवं रोजगारोन्मुखी बजट निरूपित करते हुए इसे देश में कृषि एवं ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने वाला बजट बताया है। डॉ. चंदेल ने कहा कि वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये आबंटित किए हैं जो पिछले वर्ष के बजट से 27 हजार करोड़ रूपये अधिक है। इस तरह कृषि के बजट में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इससे कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रमीण क्षेत्रों में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में सरकार द्वारा 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से परिचित कराया जाएगा। सरकार दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए उत्पादन, भंडारण और विपणन को बढ़ाने की योजना बना रही है। बजट में जलवायु अनुकूल किस्मों के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और विकास पर जोर दिया गया है। अगले 2 वर्षों में किसानों द्वारा खेती के लिए 32 कृषि फसलों और 109 बागवानी फसलों की नई उच्च उपज वाली और जलवायु लचीली किस्में जारी की जाएंगी। दालों और तिलहनों के उत्पादन, भंडारण और विपणन को बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने के साथ अनुसंधान और विकास पहलों के लिए महत्वपूर्ण धनराशि आवंटित की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे तिलहनों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। सब्जियों की आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ाने के लिए बजट में प्रमुख उपभोग केन्द्रों के पास सब्जी उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर क्लस्टर विकसित करने का प्रस्ताव है। संग्रह, भंडारण और विपणन सहित सब्जियों की आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए किसान उत्पादक संगठनों, सहकारी समितियों और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख उपभोग केंद्रों के करीब सब्जी उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। वित्त वर्ष 2025 में 400 जिलों में खरीफ के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जाएगा, जिसमें 6 करोड़ किसानों और उनकी भूमि को किसान और भूमि रजिस्ट्री में एकीकृत किया जाएगा। पांच राज्यों में जन-समर्थ आधारित किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने की सुविधा दी जाएगी। जलीय कृषि में क्षमता को पहचानते हुए, बजट में झींगा ब्रूडस्टॉक्स के लिए न्यूक्लियस प्रजनन केंद्रों का एक नेटवर्क स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। यह भी कहा गया कि झींगा पालन, प्रसंस्करण और निर्यात के वित्तपोषण को नाबार्ड के माध्यम से सुगम बनाया जाएगा। डॉ. चंदेल ने कहा कि बजट में ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है, इससे ऑटोमोबाइल - विशेष रूप से एंट्री - टू - लेवल - टू - व्हीलर और ट्रैक्टरों की ग्रामीण मांग को लाभ मिल सकता है।

## केन्द्रीय बजट 2024-25 संतुलित एवं सकरात्मक बजट : कैट

### केन्द्रीय बजट में अन्नदाता, महिलाओं, इन्फ्रास्ट्रक्चर, युवाओं, इलेक्ट्रीक वाहन पर फोकस

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आज आज केन्द्रीय वित्तमंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण की ओर से सुबह 11 बजे केन्द्रीय बजट 2024 पेश किया गया।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि केन्द्रीय वित्तमंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण की ओर से सुबह 11 बजे केन्द्रीय बजट 2024 पेश किया गया। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने आगे बताया कि केन्द्रीय वित्तमंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024 पेश किया यह उनका लगातार सातवाँ बजट है, बजट संतुलित एवं सकारात्मक है। कैट बजट का स्वागत करती है। बजट का फोकस आयकर संरचना में बदलाव और भारत में व्यापार करने में आसानी को बेहतर बनाने की पहल को शामिल करना है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला प्रमुख आर्थिक दस्तावेज है। इसके लक्ष्यों में 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' में बदलने का रोडमैप तैयार करना शामिल है। केन्द्रीय बजट 2024 -25 की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार है- 1) बजट संतुलित रहा सभी वर्गो को कुछ न कुछ दिया गया है, 2) आयकर स्लैब में परिवर्तन स्वागत योग्य है, 3) मुद्रा लोन को 10 लाख रूपये से बढ़ाकर 20 लाख रूपये कर दिया गया है, 4) युवाओ को रोजगार एवं स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया गया है, 5) सोने के आयात पर कस्टम डूयटी् को घटाया गया है, 6) इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया गया है, 7) कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, 8) एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी योजना शुरू की जायेगी 9) कैंसर की तीन दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट, कैंसर के उपकरण भी सस्ते हुए, 10) टैक्स विवादों के 6 महीने में समाधान की कोशिश होगी, 11) एफडीआई कानून को और आसान बनाया जाएगा, 12) राज्यों के लिए लोन की सीमा बढ़ाई गई।

## बजट-2024 मील पत्थर साबित होगा : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

**रायपुर ( आरएनएस )।** आज 23 जुलाई 2024 को प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2024-25 पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा



ने बजट को विकासोन्मुखी, समावेशी और जनकल्याणकारी बताया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में किए गए प्रावधानों की सराहना की और इसे देश सहित प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने गृह विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता परियोजनाओं के लिए आवंटित राशि से ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा होम अफेयर्स के लिए 150983 करोड रुपए का प्रावधान, मनरेगा का बजट 60000 करोड़ से बढ़कर 86 हजार करोड़ रुपये करना, 2.66 लाख करोड़ ग्रामीण विकास हेतु, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 3 करोड़ नए घरों का निर्माण, पीएमजीएसवाई चरण IV 25,000 ग्रामीण बसावटों के लिए बारहमासी सड़क ग्रामीण जीवन के उत्थान में सहायक होगा।

## अपने काम को पूरी ईमानदारी और दक्षता से करना ही देशसेवा : विष्णुदेव साय

### स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री से पूछे विधानसभा संचालन को लेकर प्रश्न, मुख्यमंत्री के जवाबों को सुना उत्सुकता पूर्वक

#### कृष्णा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया विधानसभा का भ्रमण, कार्यवाही भी देखी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आप जिस रूप में भी देश की सेवा करना चाह रहे हैं, उस रूप में देश की सेवा कर सकते हैं। एक अच्छा डॉक्टर बन मरीजों की सेवा कर देश की सेवा कर सकते हैं, जनप्रतिनिधि बनकर जनता की समस्याएं दूर कर लोगों की मदद कर सकते हैं। अपने काम को बेहतर तरीके से और पूरी ईमानदारी से करना ही, आज के समय में सच्ची देश सेवा है। यह बात मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विधानसभा परिसर भ्रमण के लिए कृष्णा पब्लिक स्कूल तुलसी, रायपुर से आए बच्चों के प्रश्नों के उत्तर में कही। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री श्री साय से बच्चों ने सदन में विपक्षी विधायकों के सवाल-जबाव, विधानसभा क्षेत्रों की समस्याएं दूर करने और अंतर्विभागीय समन्वय से जुड़े सवाल पूछे। मुख्यमंत्री ने विधानसभा की कार्यवाही के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि सबसे पहले प्रश्नकाल होता है और इसके पश्चात सदस्य यदि किसी महत्वपूर्ण बिंदु पर ध्यानाकर्षण करना चाहते हैं, तो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लेकर आते हैं। इसी तरह से उन्होंने शून्यकाल, तारांकित, अतारंकित प्रश्न, अन्य प्रस्ताव, बजट के ऊपर एवं विधानसभा में होने वाली अन्य चर्चाओं एवं विधानसभा संचालन और गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र की समस्याएं दूर करने के लिए विधायकों के पास विधायक निधि होती है। इसके अलावा विभागीय बजट से भी कार्य स्वीकृत किए जाते है। विधायकों को मतदाता चुनकर भेजते हैं और क्षेत्र का विकास उनकी जिम्मेदारी होती है, इसलिए वो लगातार सवाल करते है। दो विभागों के बीच विवाद की स्थिति को लेकर बच्चों की जिज्ञासा दूर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि नीति और नियत साफ है तो ऐसी स्थिति नहीं बनती है। मुख्यमंत्री श्री साय के लंबे संसदीय अनुभव से बच्चों को बहुत सारी जानकारियां मिली और उन्होंने मुख्यमंत्री को उत्सुकता के साथ सुना।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि आप सभी निष्ठा से परिश्रम करते रहेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। निजी स्वार्थ को छोड़कर हमें देशहित के लिए हमेशा समर्पित होकर कार्य करना होगा। जिस भी रूप में आप देशसेवा करना चाहते हैं, उसे तय कर इस दिशा में प्रयास करते रहें। मुख्यमंत्री ने बताया कि 10 साल की उम्र में मेरे पूज्य पिताजी का देहांत हो चुका था और मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं मुख्यमंत्री के पद तक पहुंच पाउंगा। मेरी इच्छा उन्नत किसान बनने की थी। लेकिन इस सफर में जो जिम्मेदारियां मुझे मिली, मैं उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाता रहा।

## दैनिक विश्व परिवार से जुड़ें...

छत्तीसगढ़ के सबसे विश्वसनीय दैनिक समाचार पत्र एवं वेबसाइट "**दैनिक विश्व परिवार**" से जुड़े और पाए अपनी खबरों को प्रकाशित कराने अवसर।

"**दैनिक विश्व परिवार**" दे रहा है सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में युवा एवं प्रतिभावान पत्रकारों को मौका अपने जिले की हर खबर को प्रमुखता से प्रकाशित कराने का अवसर।

साथ ही छत्तीसगढ़ के समस्त जिले, विधानसभा, ब्लॉक स्तर पर रिपोर्टरों और विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है। अपनी खबरों को "**दैनिक विश्व परिवार**" के माध्यम से जनता तक पहुंचाए। हमसे जुड़ने के लिए निचे दिए गए नंबर पर करे अपनी खबरे साजा।

**सम्पर्क :** 99810-93065, 62662-63552




लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354